हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 27 जुलाई 2025



## सड़क में पानी भरने से ठप रहा कवर्धा-राजनांदगांव के बीच आवागमन, खेती पर भी असर

# सावन की झड़ी से मोहल्लों में भरा पानी, दर्जनों गांव में बाढ़ का अलर्ट, आमनेर-शिवनाथ उफनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अल्प वर्षा से परेशान चल रहे किसानों को पिछले दो दिनों में हुई बारिश ने काफी राहत पहुंचाई है। आलम यह है कि शुक्रवार से शनिवार के बीच राजनांदगांव जिले में अतिभारी बारिश देखने को मिली है। वहीं मोहला-मानपुर और खैरागढ़ जिले में भी इस दौरान भारी बारिश दर्ज की गई। महज 24 घंटे के भीतर 60 से 130 मिमी बारिश की वजह से अंचल के सभी नदी-नाले भी उफान पर आ गए हैं।

नदी किनारे बसे दो दर्जन से अधिक गांव में जहां बाढ़ का अलर्ट है। वहीं शहर में भी कई कॉलोनियों सहित सड़कों पर पानी भर गया। शिवनाथ और आमनेर का जलस्तर बढ़ने से भी कई जगह पर आवागमन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो से तीन दिन ऐसे ही हालात बने रहने की संभावना है। अविभाजित जिले में शनिवार को बारिश का आरेंज अलर्ट भी जारी किया गया था। मिली जानकारी के अनुसार रात से लगातार मूसलाधार बारिश के कारण खैरागढ़ और आसपास के गांवों में पानी भर गया है। आमनेर नदी उफान पर है। जिससे इतवारी बाजार क्षेत्र में जलभराव के कारण बाढ़ जैसे हालात निर्मित हो गए हैं। सड़कों पर पानी भरने से यातायात प्रभावित है और दुकानों के साथ घरों में पानी घुसने की भी शिकायतें है। कई निचले इलाकों में लोग घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।







### ऐसा रहेगा मौसम

: एक अवदाब उत्तर छत्तीसगढ़ और उससे लगे झारखंड के ऊपर स्थित है। इसके लगातार पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए कमजोर होकर पूर्वी मध्य प्रदेश की ओर जाने की संभावना है। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर अनूपगढ़, चूरू, ग्वालियर, रीवा, अवदाब के केंद्र, पुरुलिया, कोंटई और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। प्रदेश में कल अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है।

### अब तक इतनी बारिश

राजनांदगांव जिले में शुक्रवार सुबह से शनिवार की सुबह तक अति भारी यानि करीबन 125 मिमी बारिश दर्ज की गई है। जिसके चलते जिले में कुल बारिश का आंकड़ा 490 मिमी पहुंच गया है, जो कि सामान्य 419 मिमी से 17 फीसदी अधिक है। जिले में डोंगरगढ़ में 610 मिमी, एलबी नगर में 464, राजनांदगांव में 637, घुमका में 525, छुरिया में 390, कुमरदा में 372 और डोंगरगांव ब्लॉक में 431 मिमी बारिश दर्ज की गई है। केवल छुरिया और कुमरदा में ही सामान्य से कम बारिश हुई है।

### नदी किनारे रातजगा कर रहे लोग

मोहला-मानपुर-चौकी जिले से लेकर राजनांदगांव तक हुई भारी बारिश के बाद शिवनाथ का जलस्तर भी तेजी से बढ़ा है। मिली जानकारी के अनुसार चौकी से राजनांदगांव तक शिवनाथ में स्थित सभी 13 एनीकट जलमग्न हो गए हैं। ऐसे में नदी किनारे बसे गांवों में भी लोगों की चिंताए बढ़ गई है। बाढ़ के खतरे को देखते हुए लोग रातजगा करने मजबूर हैं। मोहारा, धामनसरा, सिंगदई, मोहड़ और हल्दी सांकरदाह सहित तट पर बसे दो दर्जन गांव में प्रशासन की नजर बनी हुई है।

### प्रशासन अलर्ट, राहत टीमें एक्टिव

अत्याधिक बारिश से निर्मित स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने अलर्ट मोड घोषित कर दिया है। राहत और बचाव कार्यों के लिए टीमें तैनात कर दी गई है। आपदा प्रबंधन दल, पुलिस और स्थानीय प्रशासन लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे नदियों के किनारे या जलमग्न इलाकों में न जाएं और आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन के हेल्प लाइन नंबरों से संपर्क करें। इस बीच मौसम विभाग ने भी आने वाले 24 घंटों में अत्याधिक भारी बारिश की संभावना जताई है। जिससे स्थिति बिगड़ सकती है।

## अंधेरे में बाइक सवार युवक डिवाइडर से टकराया, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव


फार्म हाऊस से बाइक में सवार होकर घर आ रहा युवक रात के अंधेर में गठुला से चिखली के बीच बने पुल के डिवाडर में टकरा गया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर चिखली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बीती रात ग्राम भाठागांव फार्म हाऊस से बाइक में सवार होकर विरेन्द्र सिंह ढल्ला पिता स्व. नरेन्द्र सिंह ढल्ला उम्र लगभग 40 वर्ष स्टेशनपारा निवासी वापस अपने घर आ रहा था। वह चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुल के पास पहुंचा ही था कि अंधेरे की वजह से उसकी बाइक डिवाइडर में से जा टकराई। जिससे उक्त युवक नीचे गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया था उसे उपचार हेतू मेडिकल कालेज ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस के अनुसार इस घटना में युवक की मौत हो गई। चिखली चौकी पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। उक्त घटना की जानकारी होते ही स्टेशनपारा क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। बताया गया कि गठुला एवं चिखली के बीच बने दो पुल हैं। जिसमें एक पुराना एवं एक नया है। जिसके बीच डिवाडर भी है। इस कारण जरा सी लापरवाही से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। वहीं रात के समय अंधेरे का आलम रहता है।




## लगातार बारिश, कच्चे मकान की छत गिरी!

सड़क अतरिया। सावन में बीते दो दिन से लगातार बारिश से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। नदी, नाला सभी ऊफान पर आने लगा है। शुक्रवार को हुए लगातार बारिश से सड़क अतरिया के वार्ड नंबर एक के कई घरों में पानी घुस गया। निचली बस्ती के रहवासी को आनन-फानन में अपने खाद्य सामग्री एवं अन्य जरूरी सामान को हटाना पड़ा। रातभर बारिश होने तथा पानी की निकासी नहीं होने से मोहल्ले के कुछ घर वालों को पूरी रात रतजगा करना पड़ा। वहीं मूसलाधार बारिश से औषधालय के सामने निवासरत झुमरलाल का कच्चा मकान का छत लगभग साढ़े ग्यारह बजे भरभरा कर नीचे गिर गया। गनीमत रही कि उस समय कमरे में कोई नहीं सोया था। जिससे जनहानि होने से बच गया। वरना एक बड़ी घटना हो सकती थी। छत गिरने से कमरे में रखा सभी सामानों को भी नुकसान पहुंचा है। इधर नाला में बढ़ने से नर्मदा-बेलगांव पुल में लगभग एक फीट ऊपर पानी का तेज बहाव हो रहा है। लोग जोखिम लेकर पुल पार कर रहे हैं और लगातार बारिश जारी रहा। इस मार्ग में आना-जाना पूर्णतः बंद हो जाएगा। इसी प्रकार मुख्य मार्ग में नर्मदा नाला का पानी काफी ऊपर तक चढ़ गया है।



## शादी का प्रलोभन देकर कुकर्म, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव**। सोशल मीडिया में दोस्ती करने के बाद शादी करने का प्रलोभन देकर युवती से कुकर्म किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को कर्नाटक में पकड़कर गिरफ्तार किया।

पीड़िता ने थाना कोतवाली जिला कोरबा में लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी विकास सिंह पिता रमेश सिंह 25 साल निवासी प्रतापगढ़ थाना कोतवाली उत्तरप्रदेश के साथ वर्ष 2020 में फेसबुक के माध्यम से जान-पहचान होना, बातचीत एवं मिलने-जुलने से धीरे-धीरे दोनों में प्रेम-प्रसंग होने के कारण दोनों विवाह करने तैयार हो गए। यह बात आरोपी के घर वाले भी जानते थे।

### लाज में किया था कुकर्म

जुलाई 2023 में आरोपी एवं पीड़िता दोनों डोंगरगढ़ मंदिर आए थे, जहां स्थित लॉज में 2 दिन के लिए रूके थे। उसी दौरान आरोपी पीड़िता से शादी करने का झांसा देकर पीड़िता के साथ पहली बार शारीरिक संबंध बनाया। दोनों का प्रेम प्रसंग 2-3 साल खुशहाल चला। 7 सितंबर 2024 के बाद से आरोपी किसी कहा-सुनी बात को लेकर पीड़िता से लड़ाई-झगड़ा करने लगा एवं शादी से टाल-मटोल करने लगा। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली कोरबा में बिना नंबरी अपराध पंजीबद्ध कर असल मूल घटना थाना डोंगरगढ़ क्षेत्र होने से प्रकरण की डायरी अग्रिम विवेचना कार्रवाई हेतु प्राप्त होने पर धारा-69 बीएनएस का असल अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।


### बैगलूरू में पकड़ाया

विवेचना के दौरान आरोपी कर्नाटक राज्य के बैंगलुरू में होने का पता चलने पर डोंगरगढ पुलिस टीम कर्नाटक राज्य के बैंगलूरू भेजा गया, जहां से टीम द्वारा आरोपी को तावरेकेरे चामुंडी अगरबत्ती इंडिया प्राईवेट लमिटेड के पास वेल्डिंग दुकान जिला बैंगलुरू से आरोपी को पकड़कर थाना डोंगरगढ़ लाकर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।









## खबर संक्षेप

### सड़क किनारे रोपे 300 पौधे



**इंदामरा।** छत्तीसगढ़ का प्रथम त्यौहार हरेली के अवसर पर ग्राम की रोड किनारे 300 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री फूलबासन यादव और जिला पंचायत सदस्य शीला टाकेश सिन्हा अतिथि के रूप में शामिल हुई। उन्होंने मानव अस्तित्व को बचाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने का आव्हान किया। इस मौके पर पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया जिसमें लोगों के साथ अतिथियों ने भी भाग लिया।

### प्रवेश के लिए 28 को होगी काउंसलिंग

**मोहला।** प्रयास आवासीय विद्यालयों की कक्षा 9वीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु द्वितीय प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों की काउंसलिंग 28 जुलाई को होगी। काउंसलिंग प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ीयारी रायपुर में होगी। काउंसलिंग में अनुसूचित जनजाति, विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा सामान्य वर्ग के बालक एवं बालिकाएं शामिल होंगे, जिनके नाम द्वितीय प्रतीक्षा सूची में प्रकाशित हुए हैं।

### कॉलेज में मनाया कारगिल विजय दिवस



**छुरिया।** रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ सुषमा चौरे के निर्देशन में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य ने माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया। इस मौके पर श्रीमती चौरे ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच 1999 में कारगिल युद्ध लगभग 60 दिनों चलने के बाद 26 जुलाई को थमा था। भारत की कामयाबी को याद करते हुए 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम का संचालन नरेन्द्र उमरिया एवं आभार प्रदर्शन उष्यंत कुमार ने किया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक दीपिका ध्रुवे, विनय चौरे आदि मौजूद थे।

### गांव की गलियां जलमग्न



**ठेलकाडीह।** बारिश का पानी महरूमखुर्द के ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। यहां बारिश का पानी गलियों में बहते रहता है। मुख्य वजह यह है कि गांव से लगे बांध का पानी ओवरफ्लो होकर गलियों में बहता है। महीनों से बह रहा पानी लोगों के घरों में भी घुस जाता है। लगातार पानी बहने से फिसलन पैदा हो गई है और लोग गिर रहे है। ग्रामीण बांध के पानी की निकासी के लिए समुचित व्यवस्था करने की मांग करते थक गए है लेकिन अब तक पहल नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार प्राथमिक एवं मीडिल स्कूल के बच्चें स्कूल जाने से कतराते है। कई बार बच्चे पानी में फिसलकर गिर जाते है। कईयों की यूनिफार्म भीग जाती है।

### भाजपा पार्षद ने नपं के सामने दिया धरना



**डोंगरगांव।** स्थानीय नगर पंचायत प्रशासन के खिलाफ भाजपा पार्षद प्रफुल्ल जैन राजा ने शुक्रवार को धरना दिया। पार्षद जैन की शिकायत है कि सड़क, नाली, सफाई, लाईट जैसी समस्याओं से अवगत कराने पर सीएमओ द्वारा अनदेखी करते हुए हल नहीं जाता है। जनता से जुड़े काम नहीं होने के कारण वार्ड में उनकी किरकिरी हो रही है। शिकायत यह भी है कि आयोजनों और योजनाओं की जानकारी से भी वंचित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि हाल ही पार्षद सद्दाम खत्री ने प्रस्ताव पंजी दिखाने से मना करने की शिकायत अनुविभागीय अधिकारी से की है।

### महर्षि वेद व्यास की पूजा



**छुरिया।** रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ सुषमा चौरे के निर्देशन एवं रासेयो इकाई के तत्वावधान में व्यास पूजा का आयोजन किया गया। प्रारंभ में प्राचार्य ने मॉ सरस्वती एवं महर्षि वेद व्यास की पूजा अर्चना की। इस मौके पर डॉ. चौरे ने बताया कि वेद व्यास ने वेदों का संकलन किया और उन्हे चार भागों में विभाजित कर ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अर्थववेद की रचना की। वह एक महान गुरु थे जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में संचालन नरेन्द्र उमरिया एवं आभार प्रदर्शन उष्यंत कुमार ने किया।

## पीडब्ल्यूडी कर रहा मरम्मत कराने में कोताही

# स्टेट हाईवे में सैकड़ों गड्ढे होने से हो बढ़ी दुर्घटनाएं

### नपं अध्यक्ष 28 को करेंगे घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

यह तस्वीर नगर के स्टेट हाईवे की है। इस सडक से हल्के व भारी वाहनो की आवाजाही होती है। यह मार्ग छग व महाराष्ट्र को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। इस मार्ग की हालत इतनी खराब है कि दो किमी स्टेट हाईवे में सैकडो गड्ढे हो गए हैं। इस रूट में आए दिन छोटी बडी दुर्घटना होते रहती है। बारिश का पानी गड्ढों में भरने के कारण हादसे बढ़ गए हैं।

नगर के राजीव गांधी चौक, भीष्म देव शाह चौक, शहीद चौक, अस्पताल तिराहा, कालेज होते हुए चिल्हाटी होकर महाराष्ट्र को जोडने वाली यह सड़क अब हादसों की सड़क बन गई है। राजीव गांधी चौक से गायत्री मंदिर और बैंक आफ बडौदा तक दुर्घाटनाजन्य क्षेत्र बन गया है। यहां खस्ताहाल सड़क एवं बेलगाम ट्रेफिक के कारण आए दिन दुर्घटना होते रहती है जिसके बाद भी लोक निर्माण विभाग उदासीन बना हुआ है। विभाग की लापरवाही का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि सड़क में भरने पर उसे निकालने के लिए विभाग के पास समय नही है। विभाग चाहे तो सड़क में जमा होने वाले पानी को पटरी दुरूस्त करवा कर निकाल सकता है और सडक के गड्ढो को कांक्रीट से भर सकता है लेकिन विभाग पूरी तरह बेपरवाह बना हुआ है।



#### शिकायत की अनसुनी

नगर के धर्मेन्द्र रामटेके, ललित जैन, संजय लाटा, बंटी शर्मा, सुकालू मंडावी, डॉ सरकार, विनोद द्विवेदी, प्रज्ञा गोडबोले, वैभव रंगारे ने बताया कि मेन रोड और स्टेट हाईवे के जर्जर होने की शिकायत की गई है लेकिन सड़क के गड्ढो को भरने का लेकर प्रशासन उदासीन बना हुआ है।

#### बारिश के बाद मरम्मत

लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता ऋतु खरे ने बताया कि बारिश के बाद सड़क का मरम्मत व संधारण किया जाएगा। वर्तमान में गढढो को भरने के लिए एसडीओ और उपयंत्री को निर्देश दिया जा रहा है।

#### नगर अध्यक्ष करेंगे घेराव

नगर की खस्ताहाल सड़कों की मरम्मत के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी सोमवार को लोक निर्माण विभाग के सब डिवीजन कार्यालय का घेराव करेंगे। नगर अध्यक्ष मानिकपुरी ने बताया कि मेन रोड की हालत दयनीय है। राजीव गांधी चौक से स्वामी आत्मानंद स्कूल तक सड़क की स्थिति काफी खराब है। विभाग मेंटनेंस के नाम पर खानापूर्ति करने में लगा है, जिसका खामियाजा नगरवासियों को भोगना पड़ रहा है।

# खाद के लिए पैलीमेटा में चक्काजाम 28 को



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

क्षेत्र में खाद की समस्या दिनों दिन गंभीर होते जा रही है। सोसायटियों से किसानों को खाद नहीं मिल रही है। दुकानों में दो गुना दाम पर खाद बेचा जा रहा। खाद के संकट को लेकर पैलीमेटा क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा के नेतृत्व में चक्काजाम कर प्रदर्शन सोमवार को किया जाएगा। शनिवार को किसानों ने आवेदन देकर अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार तथा थाना मोहगांव को आंदोलन की सूचना दिया है। इस मामले को लेकर निर्मला विजय वर्मा ने बताया कि वनांचल के किसान खाद के लिए भटक रहे हैं। सोसायटी द्वारा मांग के अनुरूप डिमांड भेजने के बाद भी खाद उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। दुकानों में 1350 की यूरिया दो हजार तो 266 रूपए कीमत वाली यूरिया 5 से 6 सौ में बेचा जा रहा है। किसान खाद के लिए सोसायटी के चक्कर काट रहें हैं जहां से आश्वासन देकर लौटा दिया जाता है कि खाद आने पर दिया जाएगा।

#### फसल खराब होने के कगार पर

किसानों ने बताया कि बताया कि धान को वर्तमान में खाद की आवश्यकता है। खाद नहीं मिली तो फसल चौपट हो जाएगी। किसान आर्थिक रूप से इतने मजबूत नहीं है कि बाजार दो गुना दाम पर खाद खरीद कर खेत में डाल सकें। किसानों ने बताया कि दुकाना में खाद डेढ़ से दो गुना दाम पर बेचा जा रहा है जबकि विभाग ने इन्हें खाद बेचने की अनुमति इस शर्त पर दिया है कि निर्धारित दाम से अधिक में खाद नहीं बेचेंगे। अधिक दाम पर खाद बेचने के बाद भी कृषि विभाग कार्रवाई नहीं कर रहा है।

### छात्रों ने किया धान की रोपाई

**डोंगरगांव।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 11 और 12 वीं कृषि संकाय के छात्र- छात्राओं शैक्षणिक भ्रमण के तहत प्रायोगिक कार्य भी कराया जा रहा है। कृषि संकाय के प्रमुख आचार्य अनमोल पगारे, हेमा साहू, राजेश्वरी देशमुख ने छात्र छात्राओं को व्यवहारिक जानकारी देने संतोष साहू के फार्म में धान की रोपाई कराया। इस मौके पर विद्यार्थियों को धान बुवाई की विभिन्न विधियों के बारे में बताया गया।

# शहीद वीर जवानों को अर्पित किया श्रद्धासुमन



**छुईखदान।** रानी अवंतीबाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र में कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविन्द नंदनवार ने कारगिल युद्ध के बारे में पावर पाईंट के माध्यम से जानकारी दिया। अधिष्ठाता डॉ. अविनाश गुप्ता ने भारतीय सैनिकों के शौर्य के प्रति सम्मान प्रकट किया। उन्होंने यह बताया कि आज हमे खुले वातावरण में सांस लेने का अवसर सीमा पर तैनात जवानों के कारण ही मिल रहा है। सहायक प्राध्यापक डॉ. ओमप्रकाश सोनवानी ने जम्मू कश्मीर मे तैनात जवानो को होने वाली परेशानियों एवं विपरीत परिस्थितियों से अवगत कराया। इस दौरान वीर शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। अंत में डॉ. नंदनवार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान डॉ प्रेरणा जायसवाल, डॉ. रायसेन पाल, कोमल गांवरे, सुनील मधुकर तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# जर्जर आंगनबाड़ी भवन में लग रही कक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

■ नए निर्माण के प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं

ग्राम पंचायत खैरा नवापारा में बीते चार साल से आंगनबाड़ी भवन नहीं होने से कक्षा संचालित करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खैरा का आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1 का भवन जर्जर होने के बाद से केन्द्र का संचालन चार साल से खाद गोदाम में किया जा रहा है। यहां प्रसाधन, कीचन आदि की दरकार है। चार साल में पंचायत द्वारा प्रस्ताव तैयार कर कई दफा जनपद एवं जिला स्तर पर भेजा गया किन्तु अब तक न पुराने भवन की मरम्मत हो पाई है और न नवीन भवन का निर्माण हो पाया है। केन्द्र में वर्तमान में लगभग लगभग तीन दर्जन बच्चे हैं वहीं समय समय पर गर्भवती महिला, किशोरी बालिकाओं की कक्षा आयोजित किया जाता है। वैकल्पिक भवन में लग रहे आंगनबाड़ी केन्द्र में पर्याप्त सुविधा नहीं होने से परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सरपंच प्रकाश जंघेल ने बताया ने कि विभाग को नवीन आंगनबाड़ी भवन के लिए प्रस्ताव भेजा जा चुका है। स्वीकृति मिलने का आश्वासन मिला है। ग्रामीणों ने तत्काल भवन उपलब्ध कराने की मांग शासन से की है।



#### शीघ्र मिलेगी भवन की स्वीकृति

महिला बाल विकास विकास विभाग छुईखदान के परियोजना अधिकारी सुनील बंजारे ने बताया ग्राम पंचायत खैरा नवापारा का आंगनबाड़ी भवन जर्जर हो चुका है। ब्लाक में लगभग तीन दर्जन नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण का प्रस्ताव स्वीकृति के लिए भेजा गया है। स्वीकृति शीघ्र मिलते ही भवन का निर्माण कराया जाएगा।

#### नर्मदा में भी भवन नहीं

ग्राम पंचायत चकनार के नर्मदा में भी लंबे समय से आंगनबाड़ी भवन की मांग की जा रही है। स्थानाभाव के चलते स्वीकृति मिलने के बाद भी भवन निर्माण नहीं हो पा रहा है। यहां का आंगनबाड़ी केन्द्र एक जर्जर सांस्कृतिक भवन में लगाया जा रहा है जहां बरसात के समय पानी टपकता है। केन्द्र में मूल सुविधा भी नहीं है। सरपंच वंदना लालचंद पटेल ने बताया कि नवीन आंगनबाड़ी भवन की स्वीकृति मिल चुकी है। स्थान चयन कर लिया गया है। जल्द ही नवीन भवन का निर्माण शुरू किया जाएगा।

### चातुर्मास कलश स्थापना आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

आचार्य विद्यासागर महाराज एवं आचार्य समयसागर महाराज के आशीर्वाद से 105 आर्यिका रत्न आदर्शमति माता ससंघ का मंगल चातुर्मास कलश स्थापना कल 27 जुलाई को श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी तीर्थ क्षेत्र में होगा। कार्यक्रम दोपहर 1 बजे शुरू होगा। इस मौके पर प्रतिभास्थल की छात्राएं, महिलाएं, बालक एवं बालिका मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। आचार्य श्री की संगीतमय पूजन कर साज सज्जा युक्त अर्घ्य समर्पण किया जाएगा। तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष सिंघई किशोर जैन, महामंत्री निर्मल जैन, कोषाध्यक्ष सुभाषचंद जैन ने कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया है। यह जानकारी निशांत जैन ने दी।

# 75 को दिया भवन अनुज्ञा पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

नगर पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2 .0 अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को आवास निर्माण हेतु भवन अनुज्ञा पत्र प्रदान किया गया। योजना के तहत 75 हितग्राहियो को भवन अनुज्ञा जारी किया गया ताकि वह अपने सपने के घर बना सके। अनुज्ञा वितरण के मौके पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता ,पार्षद कोमल साहू, सद्दाम खत्री, पुरषोत्तम साहू, पद्मिनी ठाकुर, निर्मला बाई, प्रियंक जैन, लक्ष्मीनारायण सेन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनम्र जेमा उपस्थित थे। सभी जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियो को गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने की सलाह दी। सीएमओ ने हितग्राहियों को बताया कि योजना अंतर्गत आवास निर्माण के लिए अलग अलग किस्तों में कुल 2.50 लाख दिया जाएगा एवं 18 माह के भीतर निर्माण पूर्ण करने पर मुख्यमंत्री गृह प्रवेश योजना अंतर्गत 32850 रुपए का भुगतान किया जाएगा।

# बारिश से तेलई नदी में बाढ़



**टाटेकसा।** वनांचल में मानसून की सक्रियता के चलते शुक्रवार रात से लगातार बारिश हो रही है। बारिश होने से नदी नाले में बाढ़ की स्थिति बनी है। टाटेकसा, कनेरी, कोठीटोला, मकरनपुर,सीतागोटा, सेलपार नवागांव, दिवानटोला, बोदालदंड, कन्हार टोला सहित अन्य गांवों का आवागमन बंद होने से जनजीवन प्रभावित हुआ है। सीतागोटा से डोंगरगढ़ जोड़ने वाले मार्ग पर स्थित तेलई नदी का रपटा पुल बहुत पुराना और जर्जर हो गया है। ग्रामीण कई वर्षों से बड़ा पुल बनाने का मांग कर रहे हैं लेकिन अभी तक प्रशासन ने सुध नहीं लिया है। सिर्फ मरम्मत कार्य कराया जा रहा है।

## निकाय क्षेत्र के नलों में आ रहा मिट्टीयुक्त पानी, बिना फिल्टर के हो रही सप्लाई

# नागरिक पूछ रहे सवाल-पानी रे पानी तेरा रंग कैसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

करोड़ो रुपए खर्च होने के बाद भी शहर के लोगों को पीने का साफ पानी नहीं मिल रहा है। जिस पानी की सप्लाई इन दिनों हो रही है उसके साथ मिट्टी के कण, जीवाणु आदि लोगों के पेट तक पहुंच रहे है जो आने वाले समय में स्वास्थ्यगत समस्या खड़ी कर सकते हैं किन्तु शहर के कर्णधारों को लोगों की रत्तीभर भी चिंता नहीं है।

विभिन्न वार्ड के लोगों ने बताया कि जून के महीने तक उन्हें पानी की किल्ल्त से जूझना पड़ा। अषाढ़ और सावन में बारिश होने के बाद भी लोगों की दिक्क़त कम नहीं हुई बल्कि उन्हें अब जान बचाने की चिंता सताने लगी है जिसकी वजह यह है कि बीते एक पख़वाड़े से दूषित और मिट्टी युक्त पानी की शहर में सप्लाई हो रही है। पानी की गुणवत्ता को लेकर लगातार शिकायतें मिलने के बाद इस संवाददाता ने ग्राउंड पर जाकर जो देखा तो तस्वीर काफ़ी भयावह नजर आई। दुःखद पहलू यह है कि लोगों की जान पर बन आने के बाद भी पूरा तंत्र अपनी जिम्मेदारी से मुंह फेरते हुए शायद उस घड़ी का इंतजार कर रहा है ज़ब लोग विभिन्न बीमारियों से ग्रसित होकर हास्पिटल पहुंचे।

#### यह भी पी रहे क्षारीय पानी

इस संवाददाता में ज़ब नगर पंचायत के पार्षद, भाजपा- कांग्रेस के नेताओं के घरों में नल से पहुंच रहे पानी का टेस्ट किया तो बेहद चौंकाने वाला खुलासा हुआ। नेताओं के घरों में आ रहे पानी का पीएच लेबल 8 से 10 तक पाया गया जिसका मतलब यह है कि शहर के नेता भी क्षारीय पानी पी रहे है। इस पानी के निरंतर सेवन से नेता और उनके परिजनों को आने वाले दिनों स्वास्थ्य गत दिक्कतों से जूझना पड़ सकता है।

#### कीड़े भी निकल रहे

शहर के लोगों को मिट्टी युक्त ही नहीं बल्कि कीड़े युक्त पानी भी मिल रहे है। हरिओम नगर कालोनी सहित अन्य क्षेत्र के नलों से पानी के साथ कीड़े निकलने की शिकायत लगातार सामने आ रही है।



#### कपड़े धोने लायक नहीं पानी

पानी के साथ अधिक मात्र में मिट्टी पहुंच रही है। पहली नजर में देखने से लगता है कि नदी या तालाब के पानी को बिना फिल्टर के लोगों के घरों तक पहुंचा दिया जा रहा। दूषित पानी की शिकायत किसी एक मोहल्ले या वार्ड तक सीमित नहीं है बल्कि पूरे शहर में चिंताजनक स्थिति बनी हुई है। अटल आवास, करियाटोला, हरिओम कालोनी, चौकी मार्ग, वार्ड दो, नए बस स्टैंड की कालोनी, वार्ड चार, पांच, किलापारा सहित अन्य इलाकों के नागरिकों ने बताया कि इन दिनों जो पानी मिल रहा है वह पीने लायक तो बिल्कुल भी नहीं है। कपड़े धोने पर मिट्टी के दाग बन जाते है। भरकर रखने पर बर्तन में मिट्टी के बड़ी मात्र में कण जमा हो जाते हैं।



## खबर संक्षेप

### सड़क अतरिया में कांग्रेस की बैठक आज

**सड़क अतरिया।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन अभियान अंतर्गत मंडल एवं सेक्टर स्तर तक संगठनात्मक ढांचे को सशक्त किया जा रहा है। इसी कड़ी में कल रविवार को सड़क अतरिया में ब्लाक कांग्रेस कमेटी छुईखदान के प्रभारी राजभान लोधी के मार्ग दर्शन में बैठक रखा गया है। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकुमार पटेल, एवं जोन अध्यक्ष लिखन जंघेल ने सभी पंचायत प्रतिनिधि, जोन, सेक्टर, बूथ अध्यक्षों तथा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों से बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### सावन महोत्सव में थिरकी महिलाएं



**डोंगरगढ़।** योग वृक्ष ग्रुप ने केसरी नंदन लान में सावन महोत्सव का आयोजन किया। मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे थे। प्रारंभ में पौधरोपण किया गया। तत्पश्चात सावन गीतों पर महिलाओं ने नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष श्री डोंगरे ने सावन की विशेषता बताते हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान की जानकारी देते हुए महिलाओं को अधिक से अधिक पौधे लगाने प्रेरित किया। योग वृक्ष ग्रुप की अध्यक्ष रूपा टेम्बुरकर ने संचालन तथा लीना साहू ने आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में संतोष बहेकर,सन्नी चिखले भी उपस्थित थे। महिलाओं ने नृत्य और सावन झूला का आनंद उठाया।

### मोहल्ले में किया पौधरोपण



**डोंगरगांव।** एलआईसी अभिकर्ता नरेश साहू ने गत दिनों एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नीम एवं आवला के पौधे लगाए। श्री साहू ने लॉकडाउन के दौरान भी पौधरोपण किया था जो अब बड़े होकर छाया दे रहे हैं।

### अलका को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि



राजनांदगांव। वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र व्यास की धर्मपत्नी व महारानी लक्ष्मीबाई कन्या शाला की संगीत शिक्षिका एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कृष्ण भक्ति गायिका रही श्रीमती अलका व्यास को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। 11 जुलाई को उनके आकस्मिक निधन के पश्चात पुष्पांजलि सदन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में नगर के गणमान्य नागरिक, पत्रकार, जनप्रतिनिधि, भजन प्रेमी और परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्रीमती व्यास द्वारा लिखे और गाए गए भजनों की प्रस्तुति दी गई। उपस्थितजनों ने उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। महारानी लक्ष्मीबाई कन्या शाला परिवार ने कहा कि अलका व्यास ने बतौर संगीत शिक्षिका विद्यालय को राज्य ही नहीं देशभर में पहचान दिलाई। उनके सिखाए हुए छात्र आज विभिन्न उच्च पदों पर कार्यरत हैं। पूर्व विधायक अरूण वोरा ने श्रद्धांजलि अर्पित करते कहा कि अलका व्यास के गाए भजन देश-विदेश में चाव से सुने जाते थे। उनका सरल और आत्मीय व्यवहार सभी को प्रिय था।

### जिला एवं ब्लॉक स्तरीय टीम का गठन

# उर्वरक की कालाबाजारी करने वालों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार जिले के किसानों को लगातार रासायनिक खाद जैसे यूरिया, डीएपी, एनपीके, पोटाश की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा उर्वरक की कालाबाजारी रोकने एवं संबंधितों पर कार्रवाई के लिए कृषि विभाग द्वारा जिला तथा ब्लॉक स्तरीय दल का गठन किया गया है।

उपसंचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि जिले में दो किराना व्यापारियों द्वारा बिना अनुज्ञप्ति के यूरिया का ज्यादा दामों पर किसानों को विक्रय कर कालाबाजारी करने का प्रकरण सामने आया है। पहला प्रकरण छुरिया विकासखंड के ग्राम कल्लूबंजारी का है, जहां पटेल किराना दुकान के संचालक द्वारा बिना अनुज्ञप्ति यूरिया की बिक्री अधिक दरों पर किसानों को किया जा रहा था। सूचना मिलने पर कृषि, राजस्व एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा पटेल किराना दुकान में दबिश दी गई और आवश्यक कार्रवाई की गई।

## टीम ने किराना दुकान में दी दबिश



### कार्रवाई में अधिकारी शामिल

कार्रवाई में कृषि विभाग से सहायक संचालक कृषि संध्या कोचरे, उर्वरक निरीक्षक रमशिला गौरकर, क्षेत्रीय मैदानी अधिकारी नीलिमा रामटेके, शाखा प्रभारी मिथलेश साहू एवं राजस्व विभाग से क्षेत्रीय पटवारी विकास वासनिक तथा अनुविभागीय कृषि अधिकारी संतलाल देशलहरे, फर्टिलाईजर इंस्पेक्टर जीपी सहाड़े शामिल थे।

### यूरिया की कालाबाजारी

एक अन्य प्रकरण में राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बरगाही में साहू किराना स्टोर संचालक द्वारा यूरिया की कालाबाजारी करने की सूचना मिलने पर कृषि, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा साहू किराना स्टोर में दबिश दी गई और आवश्यक कार्रवाई की गई। मौके से 61 बोरी यूरिया, 3 बोरी एमओपी, 3 बोरी सागरिका बरामद किया गया। दोनों प्रकरणों में आवश्यक वस्तु अधिनियम के नियमों का उल्लंघन करने पर एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई की गई है।

### शिकायत पर की जाएगी कार्रवाई

उपसंचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया है कि जिले में किसानों को लगातार सहकारी समितियों के माध्यम से खाद उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों से अनावश्यक ऊंचे दरों पर खाद बेचने वालों से खाद नहीं खरीदने तथा ज्यादा दरों पर खाद की कालाबाजारी करने वाले की सूचना अपने विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अथवा कार्यालय उर्वरक निरीक्षक में शिकायत दर्ज करने की अपील की गई है। शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

# कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



### शहीदों को किया नमन

कारगिल युद्ध के दौरान पाकिस्तान पर भारत की जीत का जश्न मनाने और इस युद्ध में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों को नमन करने आयोजित इस कार्यक्रम में सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, पार्षद राजा मखीजा, शैंकी बग्गा, प्रशांत झनझाड़े, सैनिक कल्याण संगठन के अध्यक्ष राजेश शर्मा और बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक एवं एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे। इस दौरान भारत माता की जयघोष और शहीद जवान अमर रहे के नारे लगाते कारगिल विजय दिवस मनाया गया।

कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ के अवसर पर भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन द्वारा शहर के गौरव स्थल में देशभक्ति पूर्ण आयोजन किया गया। इस आयोजन में कारगिल युद्ध के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आयोजन में सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री पवन साय शामिल हुए।

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम से पूर्व आयोजन में उपस्थित अतिथियों ने प्रतीक्षा बस स्टैंड परिसर में नवनिर्मित भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन कार्यालय का उद्घाटन किया। वहीं गौरव स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में भारत माता के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते कारगिल युद्ध के दौरान शहीद हुए वीर जवानों को नमन किया। इस अवसर पर सांसद संतोष पांडे ने कहा कि आज हम सब वीर शहीदों को नमन करने एकत्रित हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर सभी ने संकल्प लिया है कि राष्ट्र पर जितनी भी विपदा आए उसका सामना सब मिलकर करेंगे। वहीं महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि 26 जुलाई 1999 को भारतीय सेना के जवानों ने पाकिस्तान को परास्त किया था।

हमें अपने सैनिकों पर गर्व है। आज हमारे देश की सीमाएं सैनिकों की बदौलत सुरक्षित है। वहीं आयोजन को लेकर भूतपूर्व सूबेदार मेजर राजेश शर्मा ने कहा कि कारगिल का युद्ध 3 मई से शुरू होकर 26 जुलाई तक चला था। इस दौरान भारतीय सेना ने सभी पोस्ट पर कब्जा किया था। उन्होंने बताया कि वह स्वयं कारगिल युद्ध में शामिल रहे हैं। इस युद्ध के दौरान 1300 से अधिक जवान घायल हुए थे। वहीं 527 जवान शहीद हुए थे, जिन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई है।

### संगठन कार्यालय से मिलेगी सुविधा

लगभग 4 वर्षों से गौरव स्थल पर भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन द्वारा कारगिल दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष बारिश के बीच भी बड़ी संख्या में लोग आयोजन में शामिल हुए। वहीं इस दौरान भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन कार्यालय का सांसद संतोष पांडे और महापौर मधुसूदन यादव ने शुभारंभ भी किया। जिसके लिए संगठन के भूतपूर्व सैनिकों ने उनका आभार जताया। संगठन के अध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि कार्यालय नहीं होने की वजह से संगठन की गतिविधि संचालित करने में दिक्कत होती थी। अब पूर्व सैनिकों को जोड़ने और उनके कल्याण की दिशा में कार्य करने सहुलियत मिलेगी।

## बच्चों को सोशल मीडिया के प्रयोग के साथ ही लाभ-हानि के बार में बताया, सतर्क रहने की सलाह दी



**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में 26 जुलाई को पुलिस विभाग द्वारा साइबर क्राइम से संबंधित कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता पुलिस विभाग के हेड कांस्टेबल सुरेंद्र रामटेके ने अपने उद्बोधन में साइबर अपराध के अभिन्न अंग सोशल मीडिया, मोबाइल, कम्प्यूटर में किसी भी लिंक को खोलना, किसी भी ओटीपी का जवाब देना, पासवर्ड देना, लाइक करना या किसी की निजी तस्वीरों को सोशल मीडिया में वायरल करना आदि गंभीर मुद्दों पर संक्षिप्त जानकारी दी गई। कार्यशाला द्वारा बच्चों को सोशल मीडिया के प्रयोग के साथ ही लाभ-हानि को भी विस्तार पूर्वक बताया गया। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा पुलिस विभाग का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त वक्ता पुलिस विभाग से महिला हेड कांस्टेबल वंदना पटेल, महिला आरक्षक रेणुका तथा आरक्षक मनोज जैन ने भी जानकारी को सभी से साझा किया। कार्यशाला में डायरेक्टर सोनल बाजपेयी, प्राचार्य एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक तथा बच्चे उपस्थित रहे।

## मात्स्यिकी महाविद्यालय में मनाया गया कारगिल विजय दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



स्व. पुनाराम निषाद मात्स्यिकी महाविद्यालय, कवर्धा में 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया गया। हर साल 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है, यह दिन 1999 के कारगिल युध्द में भारतीय की ऐतिहासिक जीत की याद में मनाया जाता है। यह दिन छात्रों के लिए गर्व और प्रेरणा का दिन है, भारतीय सैनिकों के शौर्य और बलिदान को याद कराता है। इस कार्यक्रम में रासेयो इकाई द्वारा स्लोगन, स्किट, नुकड़ नाटक, भाषण, नृत्य प्रतियोगिता में बढ़चढ़ के भाग लिया गया। कार्यक्रम में कारगिल के शहीदो में श्रद्धांजलि दी गई।

# अध्यक्ष ने पर्यटन के विविध पहलुओं पर डाला प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

## छग टूरिज्म बोर्ड ने प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई



बेंगलुरु में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल ट्रैवल मार्ट (आईआईटीएम) में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड ने प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई। देशभर के पर्यटन विभागों एवं विभिन्न राज्यों की भागीदारी वाले इस भव्य आयोजन में छत्तीसगढ़ ने अपनी सांस्कृतिक, प्राकृतिक और आध्यात्मिक विविधताओं को राष्ट्रीय मंच पर सशक्त रूप से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा एवं प्रबंध संचालक विवेक आचार्य आईएफएस विशेष रूप से उपस्थित रहे।

श्री आचार्य ने छत्तीसगढ़ की पर्यटन क्षमताओं और संभावनाओं पर आधारित एक संक्षिप्त एवं प्रभावशाली प्रस्तुति दी। जिसमें राज्य के उभरते पर्यटन स्थलों, निवेश अवसरों एवं विभाग की योजनाओं को रेखांकित किया गया।

वहीं नीलू शर्मा ने मीडिया प्रतिनिधियों, यात्रा एजेंसियों और अन्य संबंधित हितधारकों से संवाद करते पर्यटन के विविध पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने राज्य की नई पर्यटन नीति, निवेश आमंत्रण और स्थानीय समुदायों की भागीदारी जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

### छग किया आमंत्रित

कार्यक्रम के दौरान शर्मा ने कर्नाटक सहित अन्य भाग ले रहे राज्यों के पर्यटन व्यवसायियों और गंतव्य प्रबंधन कंपनियों से भी मुलाकात की और उन्हें छत्तीसगढ़ भ्रमण एवं संभावित सहयोग हेतु आमंत्रित किया। इस दौरान अरुणाचल प्रदेश के पर्यटन मंत्री पासंग दोरजी सोना की उपस्थिति रही। उन्होंने नीलू शर्मा को अरुणाचल प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित आगामी रोड शो में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। दोनों राज्यों के अधिकारियों ने पर्यटन क्षेत्र में आपसी सहयोग की संभावनाओं पर सकारात्मक चर्चा की।

### निभाती है महत्वपूर्ण भूमिका

मंच साझा करते श्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ और अरूणाचल प्रदेश जैसे राज्य अब भी देश के लिए अनछुए रत्न हैं। इस प्रकार के आयोजन हमें न केवल एक-दूसरे से सीखने का अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि हमारे पर्यटन क्षेत्र को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर स्थापित करने में भी सहायक सिद्ध होते हैं। आईआईटीएम जैसे मंचों पर सक्रिय भागीदारी, राज्य की ब्रांडिंग को सशक्त करने के साथ-साथ पर्यटन क्षेत्र में सहयोग, निवेश और नवाचार के नए मार्ग खोलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## ज्योति रथ यात्रा का स्वागत

**मानपुर।** अखंड ज्योति रथ यात्रा के मानपुर पहुंचने पर गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने स्वागत वंदन किया। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में निकली ज्योति रथ यात्रा गांव गांव में जा रही है। माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष, अखंड ज्योति शताब्दी वर्ष के निमित्त से यह अखंड ज्योति रथ निकाली गई है। गांवों में गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित साहित्य का वितरण किया जा रहा है। रथ के पहुंचने पर प्रत्येक गांव में आरती कर युग ऋषि का संदेश दिया जा रहा है। शाम को सत्संग एवं दीप यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। उपजोन समन्वयक नंदकिशोर सुरजन के मार्गदर्शन में रथ प्रभारी जयप्रकाश सिन्हा एवं एमएमसी जिला समन्वयक चतुरराम देवांगन निरंतर मार्गदर्शन दे रहे हैं।

## स्पर्धा में शिवन्या प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुरमुंदा

प्राथमिक शाला भरूहाटोला में प्रधानपाठक धनुषराम कंवर, शिक्षक संजीव चन्द्रवंशी के मार्गदर्शन में हरेली पर्व के मौके पर निबंध स्पर्धा आयोजित की गई।

स्पर्धा में कक्षा तीसरी से पाँचवी तक के बच्चे शामिल हुए। स्पर्धा में प्रथम स्थान शिवन्या, द्वितीय जानवी, तृतीय वैष्णवी,चतुर्थ डिम्पल एवं पंचम स्थान रूही ने प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को शिक्षकों ने कापी पेन प्रदान कर पुरस्कृत किया।

## महाराष्ट्र की देशी संत्री जब्त

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, परिवहनकर्ताओं, सार्वजनिक स्थल पर मद्यपान करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध धरपकड़ अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा थाना गैंदाटोला के ग्राम बड़े मासूल में बिरेन्द्र जगने के कब्जे से देशी दारू संत्री महाराष्ट्र निर्मित 100 पाव मात्रा 18 बल्क लीटर जब्त किया गया। आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वृत्त चिचोला राजकुमार कुर्रे, आबकारी मुख्य आरक्षक निजाम शाह, अनिल सिन्हा, भोजनारायण उइके शामिल थे। उन्होंने बताया कि अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम हेतु होटल, ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही सभी वृत्त प्रभारियों को होटल-ढाबों की नियमित जांच और अवैध मदिरा विक्रय के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।




### बारिश के बाद भी कार्यक्रम देखने दर्शकों की लगी रही भीड़

# अन्तर्राष्ट्रीय कलाकारों की प्रस्तुति ने बटोरी तालियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ में शुक्रवार 25 जुलाई को श्रुति मंडल (पाक्षिक कार्यक्रम) का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सुगम संगीत एवं कथक नृत्य की सुमधुर प्रस्तुतियों ने खूब तालियां बटोरी। बारिश होने के बाद भी कार्यक्रम का आनंद लेने दर्शकों की भीड़ बनी रही। कार्यक्रम कुलपति प्रो. डॉ. लवली शर्मा की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रानी राजश्री देवी, नुआपाड़ा, ओडिशा रही। प्रथम प्रस्तुति विदुषी डॉ. साधना रहटगांवकर रायपुर के द्वारा दी गई जिन्होंने अपनी सुमधुर आवाज में ग़ज़ल भजन, दादरा इत्यादि अनेक सुमधुर रचनाओं की शानदार प्रस्तुति दी, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। छत्तीसगढ़ की स्वर कोकिला डॉ. साधना ने भजन एवं गीत-गजल के माध्यम से सभागार को संगीतमय कर दिया। द्वितीय प्रस्तुति त्रिनिदाद एवं टोबेगो देश की सुप्रसिद्ध कथक नृत्यांगना सुज़ान मोहिप के द्वारा दी गई। उन्होंने शिव वंदना से अपने कार्यक्रम की शुरुआत की तत्पश्चात त्रिताल में उपज, थाट, आमद, तोड़ा, तिहाई, परण ततकार इत्यादि कथक की पारंपरिक रचनाओं के साथ दीपचंदी ताल में निबद्ध देवी स्तुति पर सुंदर भाव प्रस्तुत कर अपने कथक नृत्य से दर्शकों का मन मोह लिया।

### कथक नृत्य ने बांधा शमां

देश-विदेश में अनेक प्रस्तुतियां देने वाली सुज़ान मोहिप की कथक नृत्य ने कार्यक्रम में शमां बांध दिया। मुख्य अतिथि रानी राजश्री देवी ने कार्यक्रम की बहुत प्रशंसा की और संगीत एवं कला विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए अपना महल दान करने वाले रानी-राजा के प्रति अपना आभार जताया। कुलपति ने कहा कि इन कलाकारों की प्रस्तुति में दर्शकगण इतने डूब गए कि अपना ही ख्याल न रहा, कलाकारों ने बहुत ही अनूठी प्रस्तुति दी है जिसका लाभ हमारे विद्यार्थियों को अवश्य मिलेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोगी कलाकार के रूप में हारमोनियम एवं गायन सहयोग पर राणा मोहिप (त्रिनिदाद एवं टोबेगो), तबले पर पं.अवध सिंह ठाकुर, सारंगी पर उस्ताद शफ़ीक हुसैन तथा बांसुरी पर इस विश्वविद्यालय के सुप्रसिद्ध कलाकार डॉ. बिहारी लाल तारम ने सफल संगत किया। कार्यक्रम का यह सुंदर आयोजन श्रुति मंडल समिति, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ के द्वारा किया गया जिन्हें इस कार्यक्रम की सफलता पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।



## सार समाचार

### तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित



**राजनांदगांव।** पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में तनाव प्रबंधन विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव गजेन्द्र सिंह अध्यक्ष के रूप में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि लाईफ कोच रोहित तेलंग ने वक्ता के रूप में पुलिस अधिकारियों को संबोधित किया। कार्यशाला के आखिरी दिन मुख्य व्याख्याता रोहित तेलंग को पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यशाला के मुख्य आयोजक सीडीआई ब्रीजेश भदौरिया तथा सविता इक्का और सभी पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

### पीएचई कांट्रेक्टर एसो. कार्यकारिणी की घोषणा

**राजनांदगांव।** जिला पीएचईडी कांट्रेक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक पंजवानी ने शुक्रवार को अपनी नई कार्यकारिणी का गठन किया है।



प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश जोशी की अनुशंसा पर श्री पंजवानी द्वारा घोषित कार्यकारिणी के पदाधिकारी में संरक्षकगण राकेश जोशी, अनिल सक्सेना, सुरेन्द्र दास, निलेश श्रीवास्तव, टिकुन टांक, अरविंद शर्मा, शत्रुहन वर्मा, मूलचंद लोधी, अमिन हुद्दा हैं। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, संजय संचेती डोंगरगांव, वीरेन्द्र चौहान, नरेश रामटेके, आशीष अग्रवाल डोंगरगढ़ बनाए गए हैं। इसी कड़ी में सचिव पद पर विनय बिंदल, सारांश आजमानी, कोषाध्यक्ष अतुल अग्रवाल, विधिक सलाहकार नरेश शर्मा अधिवक्ता, सहसचिव मनोज ठाकुर, विजय अग्रवाल, गोलू सिन्हा, वैभव शुक्ला, मीडिया प्रभारी प्रतीक जैन को बनाया गया है। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में अर्जुन सिन्हा, राकेश शेंडे, इंदर साहू डोंगरगढ़, मानिक वर्मा, कुलदीप कुरंजेकर, प्रियंक जैन डोंगरगांव शामिल हैं। उक्त जानकारी अशोक पंजवानी ने दी।

### श्रावण व हरेली तीज महोत्सव आज

**राजनांदगांव।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादह पं.क्र. 1282 उप समिति राजनांदगांव महिला मंडल द्वारा श्रावण एवं हरेली तीज महोत्सव समारोह कल 27 जुलाई को दोपहर 12 बजे महाराणा प्रताप मंगल भवन दीनदयाल नगर चिखली में रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती वीणा सिंह व अध्यक्षता उप समिति राजनांदगांव अध्यक्ष शशि चौहान करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में करूणा यादव, तरूणा साहू, हेमा सुरेश देशमुख, रश्मि सिंह, मधुबाला सिंह, छाया देवेन्द्र सिंह शामिल रहेंगे। कार्यक्रम में फैंसी ड्रेस 5 से 10 वर्ष केवल बालिकाएं, सावन सुंदरी चुना जाएगा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ठा. आदर्श सिंह ने दी।

### 43 विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**राजनांदगांव।** पं. शिवकुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सुरगी राजनांदगांव के तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने 25 जुलाई को डॉ.



विनम्रता जैन अधिष्ठाता के मार्गदर्शन में ग्राम बघेरा स्थित रेशम कीट पालन यूनिट में शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. नितिन कुमार तुर्रे एवं डॉ. मनोज कुमार चंद्राकर सहित 43 विद्यार्थियों ने भ्रमण कर तकनीकी ज्ञान प्राप्त किए। भ्रमण के दौरान रेशम कीट पालन केंद्र बघेरा के प्रभारी संजीव कुमार एवं हरीश देशमुख ने विद्यार्थियों को रेशम कीट पालन अंतर्गत अंडा उत्पादन, कोकून निर्माण, रेशम कीटों की विभिन्न अवस्थाओं, पालन तकनीक, कीट एवं रोग प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही रोजगार के अवसरों पर जानकारी दी।

### ब्रांच मैनेजर से पेंशनर पदाधिकारियों ने की मुलाकात

**राजनांदगांव।** पेंशनर्स संगठन के पदाधिकारियों ने बैंक संबंधित



समस्याओं के समाधान के लिए कलेक्टोरेट शाखा राजनांदगांव के ब्रांच मैनेजर विनोद किशोर बासकी से मुलाकात की। इस अवसर पर प्रांत अध्यक्ष डॉ. केएल टांडेकर, महामंत्री केपी सिंह, संगठन सचिव राजेश रथी, तहसील अध्यक्ष बीटी वाल्दे, कोषाध्यक्ष विजय निषाद, सिद्धार्थ चौरे, थनवार साहू, ओमप्रकाश शर्मा, जिलाध्यक्ष इंजी. जीआर देवांगन उपस्थित रहे।

# नदी किनारे सैकडों किसानों के खेत व सब्जी कछार बाढ़ के डूबान में

# सावन में शिवनाथ उफान पर सैकड़ों एकड़ फसल बाढ़ में बही

**महीने में दूसरी बार किसानों की फसल को नुकसान,किसान चिंताओ से घिरे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी



शुक्रवार से महराष्ट्र बार्डर एवं वनांचल में हो रही निरंतर बारिश के बाद शिवनाथ नदी नगर में उफान पर है। पखवाडे भर के अंतराल में नगरवासियों को दूसरी बार बाढ का सामना करना पड रहा है। बाढ़ से नदी किनारे लगे खेत एवं सब्जी भाजी के कछार दूसरी बार डूब गए है।

बाढ़ उतरने के बाद एक बार फिर तबाही का मंजर सामने आएगा, लेकिन यह तय है की किसानों को इस वर्ष दूसरी बार हजारों रूपए की क्षति का सामना करना पडेगा।

शुक्रवार से नगर व क्षेत्र में हो रही भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। गुरूवार से नगर में एक तरह से बंद का माहौल है। बारिश के चलते पिछले दो दिनों से नगर में सड़क किनारे लगने वाली गुमठिया एवं रेहडी दुकानें बंद ही नजर आई है। जबकि बड़ी प्रतिष्ठानें भी बारिश के चलते खुल ही नही रही है। निरंतर हो रही वर्षा से ब्लाक मुख्यालय में लोगो की आवाजाही सामान्य दिनों के मुकाबले कम ही नजर आई। हरेली पर्व के दिन यात्री वाहनों की आवाजाही बंद थी, लेकिन पिछले दो दिनों से बारिश के चलते बसों के पहिए थम से गए है।

#### नदी किनारे बस्ती अलर्ट पर

नगर में शिवनाथ नदी के किनारे बसी बस्ती वार्ड क्रमांक 12, 13, 14 एवं 8 का निचला इलाका बाढ़ आने से डूबान में आ जाता है। यंहा पर शिवनाथ में बाढ़ आने से नदी किनारे स्थित असंख्य मकानों में एक से तीन फीट तक पानी घुस जाता है। जिससे इन इलाकों में रहने वाले लोगों को मकान खाली करा कर नगर पंचायत द्वारा सामुदायिक भवन, मंगल भवन या टाउन हाल में अस्थाई निवास बना कर ठहराना पड़ता है। प्रसासन के अलर्ट के बाद नदी किनारे स्थित इन बस्तियों एवं यहां के निवासियों का अलर्ट कर दिया गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने आज शाम नगर के बाढ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर यहां के रहवासियों को बाढ़ के खतरे को देखते हुए सुरक्षित ठिकाने में चले जाने या नगर पंचायत द्वारा बनाए गए अस्थाई आवास में ठहर जाने की अपील की है।

#### बाढ़ से खेत व सब्जी कछार डूबी

पखवाड़े भर के अंदर शिवनाथ नदी में बाढ़ आ गई है। बाढ़ से नदी किनारे स्थित नगर के अलावा ग्राम बिहरीकला, बिहरीखुर्द, केसला, सिरमुंदा, बोईरडीह, सांगली, थुहाडबरी, ब्राम्हणभेडी, धानापायली, सेम्हरबांधा, पीपरखार, कातुलवाही के सैकड़ों किसानों के खेत व सब्जी कछार बाढ के डूबान में है। बाढ़ से प्रभावित किसानों ने बताया की एक पखवाड़े पहले ही उन्होंने नदी से बाढ़ उतरने के बाद अपने खेतों में दोबरा बोआई एवं थरहा लगाने का कार्य किया था। अब दूसारी बार की बाढ़ से उनकी कमर ही टूट गई है। क्योकि अब बाढ़ उतरने के बाद उन्हें तीसरी बार पुनः नए सिरे से फसल लेने के लिए अपनी तैयारी करनी पडेगी।

#### मोंगरा बराज से 20 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया

भारी बारिश से मोंगरा बराज लबालब हो गई है। मोहला एसडीएम डॉ हेमेन्द्र भूआर्य ने बताया की शनिवार को शाम तक की स्थिति में मोंगरा बराज से बीस हजार क्यूसेक पानी नदी में छोड़ा गया है। एसडीएम ने बताया की यदि बराज में भराव अधिक हुआ तो पानी दुबारा छोड़ा जा सकता है। मोंगरा बराज के अधिकारी कर्मचारी हालात पर नजर रखे हुए हे। इधर बराज के सुत्रों की माने तो भारी बारिश से बराज में जल स्तर तेजी से बढ़ता जा रहा है। वर्तमान में बराज के पांच गेट खोल कर रखे गए है। यदि पानी अधिक आया तो बराज से फिर पानी डिस्चार्ज किया जाएगा।

### पर्पल फेयर का आयोजन 28 को

**राजनांदगांव।** समेकित क्षेत्रीय केन्द्र (सीआरसी) ठाकुरटोला राजनांदगांव में 28 जुलाई को सुबह 10 बजे से दिव्यांगजनों हेतु दिव्यांगजन द्वारा मेला पर्पल फेयर का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को उनके कौशल प्रदर्शन, रोजगार के अवसरों, सरकारी योजनाओं से जुड़ाव तथा सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर रोजगार मेला, सहायक उपकरण वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल गतिविधियां, कला गैलरी, स्टॉल प्रदर्शन सहित अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### यादव समाज की बैठक आज

**राजनांदगांव।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने के संबंध में यादव समाज स्टेशनपारा वार्ड क्रमांक 11 खंडेलवाल चौक के पास कल 27 जुलाई को रात्रि 7 बजे यादव समाज के लोगों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक में 15 अगस्त को सामाजिक मोटर साइकिल रैली एवं 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा तथा 17 अगस्त को श्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम के संबंध में समाज के लोगों की सहभागिता व भव्य रूप से जन्मोत्सव मनाए जाने बाबत रूपरेखा तैयार किया जाएगा। सभी स्वजातीय बंधुओं, महिला, पुरूषों से उक्त बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है। उक्ताशय की जानकारी यादव समाज के कार्यकर्ता अखिलेश यादव ने दी।

## रजिस्ट्री नहीं होने से बंटवारे में होगी समस्या : पिंटू

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता (संशोधन) विधेयक-2025 में अब 5 डिसमिल से कम कृषि भूमि की रजिस्ट्री नहीं होगी, जिसे लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिंटू ने सरकार के इस फैसले पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह संशोधन गरीब किसानों, सीमांत कृषकों के अधिकारों पर सीधा हमला है। यह नीति बड़े



जमींदारों और पूंजीपतियों के हित में है। इससे गरीब किसानों को अपनी थोड़ी बहुत भूमि के बंटवारे या उत्तराधिकार संबंधी अधिकारों में भारी अड़चन आएगी। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर परिवारों में भूमि के छोटे टुकड़े वारिसों में बांटे जाते है। इस कानून से हजारों परिवारों के हक पर चोंट पहुंचेगी। श्री पिंटू ने कहा कि इस कानून को वापस लें या संशोधित करें।

#### मध्यमवर्गीय नहीं खरीद पाएंगे भूमि

इस फैसले का सबसे ज्यादा असर मध्यम वर्ग पर पड़ेगा। 5 डिसमिल से कम भूमि की खरीदी-बिक्री भी नहीं होगी। निम्न और मध्यम आय वर्ग के अधिकांश लोग एक-दो डिसमिल भूमि ही ले पाते हैं। अब छोटी भूमि की रजिस्ट्री बंद होने से ऐसे लोग जमीन ही नहीं खरीद पाएंगे। ऐसे लोगों के भविष्य के लिए जमीन खरीदी के सपने को भी सरकार ने तोड़ दिया है।

## शिवसेना चला रही गौ सुरक्षा हस्ताक्षर अभियान

**राजनांदगांव।** शिव सेना द्वारा गौ रक्षा के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत शिवसेना ने गौमाता की हत्या बंद करने, गौ तस्कर गाड़ी को राजसात करने, गौ हत्या करते पाएं जाने पर हत्या का मामला दर्ज करने, गांव-गांव स्थित गौठान को गौशाला का नाम देकर घुमंतू पशुओं को सुरक्षित रखने और कलेक्टर रेट पर दो गौसेवक रखने, गौमाता को राजमाता घोषित करने शिवसेना के किसान सेना प्रदेश अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, शोभाशंकर त्रिपाठी, दिनेश ताम्रकार, मनीष तिवारी द्वारा हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाने अपील की जा रही है। शिवसेना ने पहले चरण में दुर्ग संभाग के राजनांदगांव, चौकी मोहला मानपुर, खैरागढ़ छुईखदान गंडई , दुर्ग, कबीरधाम, बालोद, बेमेतरा में एक लाख महाहस्ताक्षर अभियान का लक्ष्य रखा गया है।

## जन्माष्टमी पर यादव समाज निकालेगा शोभायात्रा

**राजनांदगांव।** यादव समाज राजनांदगांव द्वारा यदुवंशियों के ईष्टदेव भगवान श्रीकृष्ण की जन्माष्टमी अवसर पर भव्य शोभायात्रा सहित विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समाज के संरक्षक एवं महापौर मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने बैठक आयोजित कर उक्त निर्णय लिया।

- बाइक रैली और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे आयोजित



आयोजन के प्रथम दिवस 15 अगस्त को समाज के युवक-युवतियों एवं महिलाओं द्वारा बाइक रैली के साथ तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें देशभक्ति के साथ धर्म का संदेश दिया जाएगा। रैली दोपहर 3 बजे स्टेट हाईस्कूल मैदान से प्रारंभ होगी और शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते वापस स्टेट हाईस्कूल मैदान पहुंचेगी।

द्वितीय दिवस 16 अगस्त को सुबह 9 बजे महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के सामने स्थित साहड़ा देव मंदिर में पूजा-अर्चना की जाएगी। तत्पश्चात दोपहर 2 बजे से स्टेट हाईस्कूल मैदान से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें पालकी, भजन मंडली, बाजे-गाजे और राउत नृत्य आदि के साथ विभिन्न मोहल्ले से युवकों द्वारा श्रीकृष्ण लीलाओं पर आधारित चलित झंकियों का प्रदर्शन भी किया जाएगा।आयोजन के तृतीय दिवस 17 अगस्त को गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में सुबह 11 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें यादव समाज झेरिया, कोसरिया, ठेठवार सभी इकाई के युवक - युवती, महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग सभी शामिल होंगे। महापौर मधुसूदन यादव के निवास में आयोजित बैठक में समाज के कार्यकारी अध्यक्ष दुर्गेश यादव, दुर्गा यादव, राधे यादव, विनोद यादव (बंटी ), गरीबाराम यादव, कार्तिक यादव, सुदेश यादव, महेश यादव, हरीश यादव, उपेंद्र यादव, शीलू यादव, पूनाराम यादव, अमन यादव, राजेश यादव, रितेश यादव, प्रेमशंकर यादव, नीतेश यादव, चेतन यादव, मुरली यादव आदि उपस्थित थे।

## शहर में रेल कोच रेस्टोरेंट्स का शीघ्र होगा संचालन

**राजनांदगांव।** रेलवे ने देश के अलग-अलग रेलवे स्टेशनों पर रेल कोच रेस्टोरेंट की शुरूआत की है। कई स्टेशनों पर यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाओं का अहसास कराने रेल कोच रेस्टोरेंट खोले जा रहे हैं। जल्द ही राजनांदगांव रेलवे स्टेशन पर भी रेल कोच रेस्टोरेंट होगा। इसके लिए रेलवे द्वारा अनुपयोगी रेल कोच उपलब्ध कराया जाएगा और ट्रेन के डिब्बे में सर्व सुविधायुक्त रेस्टोरेंट का निर्माण होगा। इस रेस्टोरेंट का संचालन टेंडर के माध्यम से प्राइवेट एजेंसियों को दिया जाएगा। रेलवे की इस पहल से यात्रियों एवं शहर के लोगों को पारंपरिक व्यंजनों के साथ ही सुखद अनुभव होगा।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल द्वारा गोंदिया, छिंदवाडा, इतवारी रेलवे स्टेशनों के बाद अब बालाघाट और राजनांदगांव स्टेशन परिसर में रेल कोच रेस्टोरेंट संचालन हेतु ठेका देने लिए निविदा जारी कर दिया गया है। स्टेशन में रेल कोच रेस्टोरेंट का लाभ न केवल रेल यात्रियों बल्कि स्थानीय लोगों को भी 24 घंटे मिलेगा। राजनांदगांव रेलवे स्टेशन में रेल कोच रेलवे रेस्टोरेंट के लिए ई-नीलामी ठेका की प्रक्रिया 9 अगस्त को की जाएगी।

#### रेल कोच को दिया जाएगा आकर्षक लुक

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह ने बताया कि राजनांदगांव स्टेशन पर रेल कोच रेस्टोरेंट के संचालन हेतु सफल बोली दाता को रेलवे की तरफ से रेल कोच रेस्टोरेंट के लिए अप्रयुक्त कोच दिया जाएगा। ठेकेदार को ही उक्त रेल कोच को आकर्षक स्वरूप देना होगा है। इसके लिए रेल परिसर का स्थान चिन्हित किया गया है।

#### रेल कोच रेस्टोरेंट होगा आकर्षण

नागपुर सहित अन्य बड़े शहरों की तर्ज पर राजनांदगांव रेलवे स्टेशन में रेल कोच रेस्टोरेंट का निर्माण होने से यहां आने वाले लोगों को सुविधा के साथ एक आकर्षक मिलेगा। वर्तमान में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशन को एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित भी किया जा रहा है। इस कार्य में एक कड़ी इस रेल कोच रेस्टोरेंट की भी जुड़ जाएगी।

## दिव्यांगजन अस्पताल परिसर में पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सावन माह के अवसर पर नागरिक सुरक्षा सेवा फाउंडेशन राजनांदगांव द्वारा दिव्यांगजन पुनर्वास केंद्र (सीआरसी) हॉस्पिटल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नागरिक सुरक्षा सेवा फाउंडेशन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने पौधारोपण कर पर्यावरण के प्रति अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता को व्यक्त किया।

इस अवसर पर संस्था की महिला प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा, दिव्यांगजन हॉस्पिटल के एडमिन नितिन देवांगन, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव, महिला विंग की जिलाध्यक्ष मधुबाला श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष डॉ. तरुण रामटेके, जिला उपाध्यक्ष रेणुका साहू, जिला महासचिव रितु रायजादा, जिला सचिव विनोदिनी मारकंडे, सचिव अभिषेक श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी अंकित बालाजी और जिला विधिक सलाहकार कुसुम दुबे उपस्थित रहे।

## ट्रेन में चाय बनाने इमर्सन राड का उपयोग, कार्रवाई

### पेंट्रीकार के दो मैनेजर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ट्रेनों में इमर्सन राड का उपयोग कर चाय बनाने वाले पेंट्रीकार के मैनेजरों के खिलाफ रेलवे सुरक्षा बल ने रेल अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 12129 पुणे-हावड़ा आजाद हिन्द एक्सप्रेस में गोंदिया से डोंगरगढ़ के मध्य चेकिंग के दौरान बोरतालाब से डोंगरगढ़ के मध्य उक्त गाड़ी के पेंट्रीकार में एक व्यक्ति जो पेंट्रीकार की ड्रेस में गले में पहचान पत्र लटकाए पेंट्रीकार में लगे इलेक्ट्रिक स्वीच बोर्ड में एक्सटेंशन बोर्ड लगाकर उसमें इमर्सन रॉड का उपयोग कर स्टील कैन में चाय बनाते दिखाई दिया। टीम द्वारा नाम-पता पूछने पर अपना पेंट्रीकार मुख्य प्रबंधक नाम कृष्णा शर्मा पिता रमेश शर्मा 25 वर्ष निवासी मेहगांव थाना मोहगांव जिला भिंड बताया तथा आरके एसोसिएट के अधीन उक्त ट्रैन के पेंट्रीकार का मुख्य मैनेजर होना बताया। पेंट्रीकार में इमर्शन रॉड इस्तेमाल करने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं होना बताया तथा पेश नहीं कर पाना बताया गया।



उसी प्रकार ट्रेन नंबर 12810 हावड़ा-मुंबई एक्सप्रेस में चेकिंग के दौरान दर्रेकसा से गोंदिया के मध्य उक्त गाड़ी के पेंट्रीकार में एक व्यक्ति को पेंट्रीकार की ड्रेस पहने गले में पहचान पत्र लटकाए पेंट्रीकार के स्वीच बोर्ड में इमर्सन रॉड का उपयोग कर स्टील कैन में पानी गरम करते पाया गया। जिसने अपना नाम संतोष शर्मा बताया।

वह एएस सेल्स का प्रबंधक बताया। दोनों मैनेजर के कब्जे से इमर्शन रॉड एवं स्टील कैन को जब्त कर विधिवत कार्रवाई पूर्ण कर क्षेत्राधिकार के रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोंदिया को सुपुर्द करने पर रेसुब पोस्ट गोंदिया द्वारा अपराध क्रमांक 2559 /2025 धारा 153 रेलवे अधिनियम के तहत दर्ज कर जांच में लिया गया।

**भारतीय मजदूर संघ का मना स्थापना दिवस**

## विचारों के साथ करें संगठन विस्तार: मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय मजदूर संघ के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेशदत्त मिश्रा ने कहा कि भामसं के विचार और सिद्धांत ही उसकी सबसे बड़ी पूंजी है। संगठन ने अपने सैद्धांतिक आधार के दम पर ही श्रमिक क्षेत्र में अपनी पैठ बनाई, अपने कालजयी विचारों के बदौलत प्रतिस्पर्धी ट्रेड यूनियनों को पछाड़ते सबसे आगे हो गया। हमें अपने विचारों और सिद्धांतो की पूंजी के बल पर संगठन कार्य का विस्तार करते रहना चाहिए।

भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने एक प्रेस बयान में उक्ताशय की जानकारी देते बताया कि समारोह में श्री मिश्रा ने कहा कि संसार के सारे सिद्धांत व विचार चाहे वह पूंजीवाद हो, चाहे साम्यवाद हो सारे समय के साथ दम तोड़ते नजर आ रहे है, इन सबका आधार समाप्त प्रायः है। इनके पीछे चलने वाले गिनती के लोग बचे हैं, लेकिन जिन विचारो और सिद्धांतो को लेकर भारतीय मजदूर संघ चल रहा वह सर्वकालिक है। यह चराचर रहने वाला है। हम सब मिलकर संगठन कार्य का विस्तार करें।

श्री मिश्रा ने 1962 के चीन युद्ध का जिक्र करते कहा कि उस समय जब देश संकट में था, तत्कालिन वामपंथियों ने प्रतिरक्षा के कारखानों में हड़ताल की घोषणा कर देश को संकट में डाल दिया था। जबकि भामसं के कार्यकर्ताओं ने बिना पैसे लिए ओवरटाईम प्रतिरक्षा कारखानों में काम कर देश को संकट से निकाला था। राष्ट्र के प्रति हमारी यही निष्ठा हमें अन्य संगठनों से अलग रखती है। समारोह को सुदर्शन दास मानिकपुरी ने भी संबोधित किया। संचालन गोपाल साहू ने किया।



#### श्रमिक नेताओं की रही उपस्थिति

जीई रोड स्थित सीजे तेंदूपत्ता गोदाम में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष गजानंद मिश्रा ने किया। मंच पर अल्का बारसागढ़े व केशवराम सिन्हा उपस्थित थे। इस दौरान जिला मंत्री नरेश साहू समेत भारती शर्मा, जयप्रकाश साहू, हेमंत साहू, ठाकुरराम यादव, पुहूप दास साहू, फागूराम यादव, बहलराम, कुशल यादव, गौतम भगेला, राजेन्द्र, सुरेखा कोमरे, धनेश्वरी, दीपाली कंवर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 27 जुलाई 2025



### सड़क में पानी भरने से ठप रहा कवर्धा-राजनांदगांव के बीच आवागमन, खेती पर भी असर

# सावन की झड़ी से मोहल्लों में भरा पानी, दर्जनों गांव में बाढ़ का अलर्ट, आमनेर-शिवनाथ उफनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अल्प वर्षा से परेशान चल रहे किसानों को पिछले दो दिनों में हुई बारिश ने काफी राहत पहुंचाई है। आलम यह है कि शुक्रवार से शनिवार के बीच राजनांदगांव जिले में अतिभारी बारिश देखने को मिली है। वहीं मोहला-मानपुर और खैरागढ़ जिले में भी इस दौरान भारी बारिश दर्ज की गई। महज 24 घंटे के भीतर 60 से 130 मिमी बारिश की वजह से अंचल के सभी नदी-नाले भी उफान पर आ गए हैं।

नदी किनारे बसे दो दर्जन से अधिक गांव में जहां बाढ़ का अलर्ट है। वहीं शहर में भी कई कॉलोनियों सहित सड़कों पर पानी भर गया। शिवनाथ और आमनेर का जलस्तर बढ़ने से भी कई जगह पर आवागमन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो से तीन दिन ऐसे ही हालात बने रहने की संभावना है। अविभाजित जिले में शनिवार को बारिश का आरेंज अलर्ट भी जारी किया गया था। मिली जानकारी के अनुसार रात से लगातार मूसलाधार बारिश के कारण खैरागढ़ और आसपास के गांवों में पानी भर गया है। आमनेर नदी उफान पर है। जिससे इतवारी बाजार क्षेत्र में जलभराव के कारण बाढ़ जैसे हालात निर्मित हो गए हैं। सड़कों पर पानी भरने से यातायात प्रभावित है और दुकानों के साथ घरों में पानी घुसने की भी शिकायतें है। कई निचले इलाकों में लोग घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।







### ऐसा रहेगा मौसम

: एक अवदाब उत्तर छत्तीसगढ़ और उससे लगे झारखंड के ऊपर स्थित है। इसके लगातार पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए कमजोर होकर पूर्वी मध्य प्रदेश की ओर जाने की संभावना है। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर अनूपगढ़, चूरू, ग्वालियर, रीवा, अवदाब के केंद्र, पुरुलिया, कोंटई और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। प्रदेश में कल अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है।

### अब तक इतनी बारिश

राजनांदगांव जिले में शुक्रवार सुबह से शनिवार की सुबह तक अति भारी यानि करीबन 125 मिमी बारिश दर्ज की गई है। जिसके चलते जिले में कुल बारिश का आंकड़ा 490 मिमी पहुंच गया है, जो कि सामान्य 419 मिमी से 17 फीसदी अधिक है। जिले में डोंगरगढ़ में 610 मिमी, एलबी नगर में 464, राजनांदगांव में 637, घुमका में 525, छुरिया में 390, कुमरदा में 372 और डोंगरगांव ब्लॉक में 431 मिमी बारिश दर्ज की गई है। केवल छुरिया और कुमरदा में ही सामान्य से कम बारिश हुई है।

### नदी किनारे रातजगा कर रहे लोग

मोहला-मानपुर-चौकी जिले से लेकर राजनांदगांव तक हुई भारी बारिश के बाद शिवनाथ का जलस्तर भी तेजी से बढ़ा है। मिली जानकारी के अनुसार चौकी से राजनांदगांव तक शिवनाथ में स्थित सभी 13 एनीकट जलमग्न हो गए हैं। ऐसे में नदी किनारे बसे गांवों में भी लोगों की चिंताए बढ़ गई है। बाढ़ के खतरे को देखते हुए लोग रातजगा करने मजबूर हैं। मोहारा, धामनसरा, सिंगदई, मोहड़ और हल्दी सांकरदाह सहित तट पर बसे दो दर्जन गांव में प्रशासन की नजर बनी हुई है।

### प्रशासन अलर्ट, राहत टीमें एक्टिव

अत्याधिक बारिश से निर्मित स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने अलर्ट मोड घोषित कर दिया है। राहत और बचाव कार्यों के लिए टीमें तैनात कर दी गई है। आपदा प्रबंधन दल, पुलिस और स्थानीय प्रशासन लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे नदियों के किनारे या जलमग्न इलाकों में न जाएं और आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन के हेल्प लाइन नंबरों से संपर्क करें। इस बीच मौसम विभाग ने भी आने वाले 24 घंटों में अत्याधिक भारी बारिश की संभावना जताई है। जिससे स्थिति बिगड़ सकती है।

## अंधेरे में बाइक सवार युवक डिवाइडर से टकराया, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

फार्म हाऊस से बाइक में सवार होकर घर आ रहा युवक रात के अंधेर में गठुला से चिखली के बीच बने पुल के डिवाडर में टकरा गया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर चिखली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बीती रात ग्राम भाठागांव फार्म हाऊस से बाइक में सवार होकर विरेन्द्र सिंह ढल्ला पिता स्व. नरेन्द्र सिंह ढल्ला उम्र लगभग 40 वर्ष स्टेशनपारा निवासी वापस अपने घर आ रहा था। वह चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुल के पास पहुंचा ही था कि अंधेरे की वजह से उसकी बाइक डिवाइडर में से जा टकराई। जिससे उक्त युवक नीचे गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया था उसे उपचार हेतू मेडिकल कालेज ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस के अनुसार इस घटना में युवक की मौत हो गई। चिखली चौकी पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। उक्त घटना की जानकारी होते ही स्टेशनपारा क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। बताया गया कि गठुला एवं चिखली के बीच बने दो पुल हैं। जिसमें एक पुराना एवं एक नया है। जिसके बीच डिवाडर भी है। इस कारण जरा सी लापरवाही से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। वहीं रात के समय अंधेरे का आलम रहता है।









**खबर संक्षेप**

## विद्यालय कामठी में एक पेड़ मां के नाम 2.0 के तहत व पौध रोपण



**कवर्धा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कामठी में एक पेड़ मां के नाम 2.0 के तहत विद्यालय प्रांगण में आप नीम जामुन आदि के पौधा लगाया गया तथा उसे सुरक्षित रखने का संकल्प लिया इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रामनाथ राजपूत, शिक्षक हीरालाल, छापरिया मनोज, आदित्य, राजेश शर्मा, तुलास चंद्राकर, भगवान सिंह, यशवंत कुंभकार, हरीश यादव, रघुनंदन गुप्ता, सीताराम, संतान सिंह, शैलेन्द्र परस्ते, रमेश मरावी व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## हरियाली पर्व पर किया गया वृक्षारोपण



**कोलेगांव।** हमर छत्तीसगढ़ के पहली तिहार हरेली के पावन पर्व पर विकासखंड पंडरिया के ग्राम घोरपेण्ड्री के बड़े तालाब पार में करंच का एक पौधा रोपण कर उसकी सुरक्षा के लिए ट्रीगार्ड लगाया गया। हम सभी जानते हैं कि पेड़ पौधों से प्रकृति की सुंदरता बढ़ती है तथा हमें शुद्ध हवा मिलती है। पेड़-पौधे हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। वे हमें न केवल फल, फूल और छाया देते हैं, बल्कि पर्यावरण को भी शुद्ध रखते हैं। आज हम वनों की कटाई और प्रदूषण जैसी कई पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए, हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने की आवश्यकता है। हम सब अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और एक स्वस्थ हरा-भरा भविष्य बनाएं। इस कार्य को सफल बनाने में रोहित, राजू चंद्राकर, राकेश, कोमल चंद्राकर, संजय, वीरेंद्र चंद्राकर, लक्ष्मण चंद्राकर, श्रावण, राहुल चंद्राकर, प्रेमसागर, वेद प्रकाश, अनुज, रूपेश, दीपेश, जीतेन, नमन, नील, भूदेव एवं राज का विशेष सहयोग रहा।

### मृत्युंजय आश्रम में सावन की भक्ति और सेवा का संगम: उपमुख्यमंत्री की पहल बनी प्रदेशभर में प्रेरणा

# अमरकंटक में विजय शर्मा ने कांवड़ियों को अपने हाथों से परोसा भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

सावन माह के पवित्र अवसर पर मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल अमरकंटक स्थित मृत्युंजय आश्रम में एक भावपूर्ण दृश्य देखने को मिला, जब छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने स्वयं कांवड़ यात्रियों को अपने हाथों से भोजन और प्रसाद परोसा। उनके साथ प्रसादी ग्रहण कर श्रद्धालुओं के चेहरों पर भक्ति, संतोष और कृतज्ञता की अद्भुत झलक दिखी। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने श्रद्धालुओं से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी कुशलक्षेम पूछी और हर हर महादेव व बोल बम के जयकारों के साथ उनका स्वागत किया। यह दृश्य भक्ति और सेवा की सजीव मिसाल बन गया, जिसने हजारों शिवभक्तों के मन को छू लिया। इस अवसर पर उनके साथ कबीरधाम जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र साहू, रामकुमार भट्ट सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे, जिन्होंने कांवड़ियों की सेवा में सक्रिय भागीदारी निभाई। उपमुख्यंत्री ने बोल बम समितियों को स्मृति चिन्ह भेंट की। विजय शर्मा ने कहा कि सावन भगवान शिव की आराधना का महीना है। यह केवल धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि आस्था, तप और सेवा की पराकाष्ठा है। ऐसे में शिवभक्तों की सेवा करना किसी पूजा से कम नहीं है। मेरा प्रयास है कि प्रत्येक कांवड़ यात्री श्रद्धा और विश्वास के साथ अपनी यात्रा पूर्ण कर सकें।

**अब तक 18 हजार से अधिक श्रद्धालु लाभान्वित**



उपमुख्यमंत्री की पहल पर मृत्युंजय आश्रम में संचालित निःशुल्क सेवा केंद्र से अब तक 85 बोल बम समितियों के 18 हजार से अधिक कांवड़िये लाभान्वित हो चुके हैं। यह सेवा केंद्र 6 अगस्त तक जारी रहेगा, जिसमें सुबह की चाय-नाश्ता, दोपहर और रात्रि का सात्विक भोजन, स्वच्छ पेयजल, विश्राम स्थल, शौचालय और प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था पूरी श्रद्धा के साथ उपलब्ध कराई जा रही है। आज ही के दिन दो हजार से अधिक शिवभक्तों ने इस सेवा केंद्र में भोजन प्रसादी ग्रहण की। यह सेवा कार्य जिला बोल बम समन्वय समिति द्वारा संचालित किया जा रहा है, जिसमें अनिल ठाकुर, दाउवा गुप्ता, मंजीत बैरागी, निशांत झा, रामसिंह ठाकुर सहित दर्जनों सदस्य पूरी निष्ठा से जुटे हुए हैं।

**अमरकंटक बना भक्ति, सेवा और सहयोग का तीर्थ**

सावन की इस पुण्य बेला में अमरकंटक का दृश्य अत्यंत मनोहारी और प्रेरणादायक है। कबीरधाम सहित पूरे अंचल से हजारों कांवड़िये यहाँ पहुँच रहे हैं और उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा की अगुवाई में उन्हें जो स्नेह, सम्मान और सेवा मिल रही है, वह प्रदेशभर में एक नवीन सामाजिक चेतना का संचार कर रही है। श्रद्धालुओं ने कहा कि मृत्युंजय आश्रम केवल विश्राम और भोजन का केंद्र नहीं, बल्कि शिवभक्ति और मानव सेवा का केंद्र बन चुका है। हर कोई यहाँ हर हर नर्मदे और बोल बम के उद्घोष के साथ भावविभोर हो रहा है।

## कांवड़ियों व भावना बोहरा का जिला पंचायत सदस्य ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

जिला पंचायत सदस्य कबीरधाम क्षेत्र क्र 04 राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे के नेतृत्व में कावड़ यात्री पंडरिया विधायक भावना बोहरा का ग्राम पुतकी कला में भव्य स्वागत एवं वंदन अभिनंदन किया गया। वही छत्तीसगढ़ विधानसभा के उत्कृष्ट विधायक श्रीमति भावना बोहरा ने विश्वकल्याण एवं प्रदेश जिले एवं पंडरिया विधानसभा क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली हेतु धर्मनगरी मां नर्मदे के पावन धरा अमरकंटक से छत्तीसगढ़ के खजुराहो भोरमदेव मंदिर तक 21 जुलाई 2025 से 27 जुलाई 2025 तक कावड़ यात्रा जारी है यात्रा के पांचवे दिन ग्राम मोहतरा से जलेश्वर धाम डोंगरिया तक यात्रा निर्धारित था। इस दौरान श्रीमती बोहरा का नगर पंचायत पंडरिया परसवारा चौक दशरंगपुर में बड़ी संख्या में शिवभक्तों ग्रामवासियों हिन्दू संगठनों, सामाजिक एवं भाजपा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं द्वारा ऐतिहासिक स्वागत किया गया वही ग्राम पुतकी कला में जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्र 04 राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे के नेतृत्व में कावड़ियों पर पुष्प वर्षा कर वंदन अभिनंदन एवं आत्मीय स्वागत किया गया इस अवसर पर जिला मंत्री भाजपा ओम यदु मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बालमुकुंद चंद्रवंशी, महामंत्री मनहरण साहू, उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष संतोष ध्रुव, सरपंच भगतपुर, कपिल चंद्राकर, सुमन ढीमर, संजय चंद्रवंशी, शेखर सिंगरौल, परस सिंगरौल, मोहन चंद्रवंशी, महेंद्र डॉ.संतोष साहू, सरपंच रापा संतोष भास्कर सहित बड़ी संख्या क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कामठी में कारगिल विजय दिवस मनाया




हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

वनांचल क्षेत्र की गौरव जिला मुख्यालय से 55 किलों मीटर के दूरी पर पण्डरिया विकासखंड में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कामठी में कारगिल विजय दिवस शिक्षक तुलस चंद्राकर व कोमल धृत लहरें के मार्गदर्शन में मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माँ कें पूजा अर्चना कर तथा भारतमाता की जय जय कार व वीर सैनिकों की जयकार कें साथ हुआ तत्पश्चात उन वीर जवानों जो कारगिल पर विजय पाने कें लिए शहीद हो गए थे उन्हें दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धा सुमन श्रद्धांजलि अर्पित याद किया गया शिक्षक मनोज आदित्य ने कारगिल विजय दिवस कें बारे में जानकारी दी तथा बच्चों में देश भक्ति भावना जागृत किया शिक्षक हीरालाल छापरीया ने भी कारगिल विजय दिवस की जानकारी दी। कारगिल विजय दिवस भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य का प्रतीक है हमारे अमर शहीद दुश्मनों को खदेड़कर आज ही कें दिन कारगिल पर विजय तिरंगा लहराया था अंत में भारत माता की जयघोष कें साथ बच्चों में देश भक्ति की भावना जागृत किया इस अवसर पर समस्त स्टाफ व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## घर में हुई लाखों की चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार, नगदी राशि जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

थाना बोड़ला जिला कबीरधाम पुलिस ने दिनांक 07 जून 2025 को ग्राम बोल्दा कला में दिनदहाड़े हुई बड़ी चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगद 13 हजार रुपये बरामद किया है। घटना में संलिप्त एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपी मुकेश कुमार उर्फ राजा पटेल, पिता आजू पटेल आयु 19 वर्ष, निवासी भलपहरी, थाना पांडातराई, जिला कबीरधाम एवं मन्नू राम पटेल पिता तिजराम पटेल, आयु 34 वर्ष, निवासी भलपहरी, थाना पांडातराई, जिला कबीरधाम का निवासी है, जिसके पास से 7 हजार नगद आरोपी मुकेश कुमार उर्फ राजा पटेल से मिला व 6 हजार नगद राशि आरोपी मन्नू राम पटेल से प्राप्त किया गया। प्रार्थी हजारी पटेल, निवासी ग्राम बोल्दा कला, थाना बोड़ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 07 जून 2025 को सुबह 8:30 बजे वह अपने पूरे परिवार के साथ खेत पर धान का रोपा लगाने गया था। शाम करीब 6:00 बजे जब वह घर लौटा तो देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और घर के अंदर से लगभग 2 लाख 30 हजार नगद व सोने-चांदी के जेवरात सहित कुल 3 लाख 27 हजार कीमती सामग्री चोरी हो गई थी। मामले में थाना बोड़ला द्वारा अपराध क्रमांक 11/2025 धारा 331(3), 305(क) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह बघेल, पंकज पटेल एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला अखिलेश कौशिक के मार्गदर्शन में, संदेही मुकेश कुमार उर्फ राजा पटेल और मन्नू राम पटेल को पकड़ा गया। पूछताछ में दोनों ने चोरी की घटना को गोपाल यादव के साथ मिलकर अंजाम देना स्वीकार किया। वही आरोपियों ने बताया कि चोरी की कुल रकम में से गोपाल यादव ने उन्हें 15 हजार - 15 हजार दिये थे शेष रकम व जेवरात अपने पास रख लिया। गिरफ्त में आए दोनों आरोपियों के पास से 7 हजार एवं 6 हजार की बरामदगी की गई है। दोनों को 26 जुलाई 2025 को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। फरार आरोपी गोपाल यादव की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। इस सफलता में इनकी रही अहम भूमिका थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश चण्ड, गोविंद चन्द्रवंशी, उमाशंकर नाग, प्रआर नन्हे नेताम, प्रआर मनोज महोबिया, आरक्षक पूरन डाहिरे, अमर पटेल एवं सायबर सेल की टीम का विशेष योगदान रहा।

## श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस मनाया गया




हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

वह खून कहो किस मतलब का जिसमें उबाल का नाम नहीं उक्त ध्येय वाक्य को चरितार्थ करते एवं शहीदों की स्मृतियों को बच्चों के मन में संजोकर रखने के उद्येश्य से कवर्धा अंचल के सुप्रसिद्ध सीबीएसई विद्यालय श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया। प्रातः प्रार्थना सभा में होने वाले गतिविधियों जैसे विचार, प्रश्नोत्तरी, भाषण, कविता आदि इसी दिवस को समर्पित थे, इस परिपेक्ष्य में संस्कार सदन के प्रमुख शिक्षक जयप्रकाश वर्मा ने बच्चों को किस तरह व कितने कुर्बानियों के उपरांत कारगिल युद्ध विजय हुआ, इसके महत्व पर सविस्तार प्रकाश डाला। उसी प्रकार बच्चों ने भी एक से बढ़कर एक देशभक्ति कविताएँ, गीत जैसे मेरा रंग दे बसंती चोला, वतन की राह पर, दौलत न अता करना मौला, चंदन है इस देश की माटी, आदि विभिन्न गीतों को गुनगुनाया, जिसमें पूरा विद्यालय प्रांगण देशभक्ति गीतों में गूजा उठा। आयोजन के संबंध में विद्यालय के डायरेक्टर एवं प्राचार्या श्रीमती एम शारदा ने इस दिवस की महत्ता पर विचार व्यक्त किया एवं कहा कि हर युवा भारतवासी को अपने वतन से प्यार होना चाहिए। उक्त कार्यक्रम में सभी शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थे।

**पंडरिया ने ओढ़ी हरियाली, लगातार हो रही बारिश से मैकल पर्वत श्रेणी की सुंदरता निखरी**



**हरिभूमि पण्डरिया।** अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध पंडरिया क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से जमकर बारिश हो रही है। गर्मी के दिनों में पानी के संकट से जूझती धरती की प्यास बुझने लगी है। खेती किसानी की दृष्टि से अभी तक अच्छी बारिश हुई है लेकिन किसान अब बारिश से थोड़ी राहत चाहते हैं। पर्यावरण की दृष्टि से भूजल स्तर का बढ़ना अच्छा माना जा रहा है। खेतों में भी पानी जमाव की स्थिति बन गई है। किसान रोपा लगाने तो पर्यटक घूमने फिरने में व्यस्त दिखाई दे रहे हैं। इस रिमझिम बारिश ने पर्यटकों को लुभाना शुरू कर दिया है। बिलासपुर, रायपुर से लोग मैकल श्रेणी पर्वत में छाई हरियाली को देखने आ रहे हैं। बिलासपुर से सपरिवार कुई कुकदुर के जंगल घूमने आए संस्कार श्रीवास्तव ने बताया कि पंडरिया जलप्रपातों और घने जंगलों के लिए जाना जाता है। यहाँ के ठाड़पानी, रानी दहरा जलप्रपात और जोगीगुफा को विकसित करना चाहिए। ठाड़पानी, रानीदहरा, गोदगोदा, भोले, अर्जुली, अनहार, चरनतीर जलप्रपात के बारे में लोग पूछ रहे हैं। वहीं जोगीगुफा, दतराम गुफा, भोरमदेव अभ्यारण्य की गुफाओं को भी पर्यटन की दृष्टि से सुरक्षित कर घूमने के शौकीनों को आकर्षित किया जा सकता है।

## निंगापुर के जय मां भक्त कर्मा बोल बम सेवा समिति का पंचायत ने किया भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत निंगापुर के जय मां भक्त कर्मा बोल बम सेवा समिति के द्वारा प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी 75 कांवरिया पिछले 15 जुलाई से मां नर्मदा मंदिर अमरकंटक धाम से जालेश्वर महादेव मंदिर डोंगरिया होते हुए कबीरधाम जिले के प्रसिद्ध मंदिर भोरमदेव भगवान से कवर्धा स्थित बुढ़ा महादेव में जल अभिषेक करके ग्राम पंचायत निंगापुर एवं पुरे क्षेत्र की कुशलता सुख शांति समृद्धि की कामना करते हुए 24 जुलाई को छत्तीसगढ़ के पहली तिहार हरेली के दिन ग्राम निंगापुर प्रस्थान किये वहीं गांव पहुंचते ही ग्राम पंचायत के सरपंच पंच एवं समस्त ग्राम वासियों के द्वारा फुल माला डीजे बाजा के साथ भव्य स्वागत किया गया। गांव के सरपंच सुनील जोशी एवं उपसरपंच रज्जू साहू, पंच हेमन्त चन्द्रवंशी, सुरेश साहू, प्रकाश निषाद, कैलाश चंद्रवंशी, सुखदेव साहू, रमेश चंद्रवंशी, देवचरण निषाद, पप्पू साहू, किशन साहू, भानु चन्द्रवंशी, और गांव के वरिष्ठजनों के साथ सभी कांवरियों का श्रीफल एवं गमछा भेट कर स्वागत अभिनंदन किया गया। इसके बाद बोल बम सेवा समिति के सभी कांवरियों के द्वारा गांव के सभी प्रमुख देवी-देवताओं का पुजा अर्चना करके ग्राम भ्रमण किया गया जिसमें गांव के सभी माताओं बहनों ने पुजा आरती करके कांवरियों का भव्य स्वागत किया गया उक्त कार्यक्रम में ग्राम पंचायत निंगापुर के समस्त पंच सरपंच ग्रामवासीगण वरिष्ठ जन महिलाएं छोटे छोटे बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय, दुर्ग (छ.ग.)**

**शपथ-पत्र**

मै शपथकर्ता Ashwani Das s/o shri panch ram आयु 32 वर्ष निवासी ग्राम लखनपुर कला पोस्ट, रवेली तह कवर्धा जिला-कबीरधाम (छ.ग.) निम्नखिलित कथन शपथ पूर्वक कथन करता हूं यह कि उपरोक्त पते पर निवास करता हूं यह कि उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ। यह कि मेरी पुत्री Geetanshi Patre का जन्म दिनांक 09/03/2024 को पडित जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसधान केन्द्र सेक्टर-9 भिलाई जिला-दुर्ग में हुआ है,जिसका जन्म पंजीयन क्रमांक-B20242290311000198 एवं दिनांक 30/04/2024 है। यह कि मेरे आधार कार्ड, पेनकार्ड एवं मेरे समस्त शासकीय अभिलेखो में मेरा नाम Ashwani Das दर्ज है, किन्तु मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण में पिता का नाम स्थान पर Ashwani Patre दर्ज है, यह कि Ashwani das एवं Ashwani Patre दोनो एक ही व्यक्ति का नाम है, जो कि मै स्वयं हूं एवं दोनो ही नामों से जाना पहचाना जाता हूं किन्तु नाम मे एकरूपता लाने हेतु मै अपनी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम Ashwni Patre के स्थान पर संशोधन प्रति जारी कराना चाहता हूं। यह कि जन्म प्रमाण पत्र की संशोधित प्रति प्रदान करने के समर्थन में यह शपथ पत्र श्रीमान पंजीयक जन्म एवं मृत्यु स्वास्थ्य विभाग भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई के समक्ष प्रस्तुत है।

स्थान- भिलाई दुर्ग
दिनांक- 07 जुलाई 2025

शपथकर्ता
अश्वनी

### पटवारियों पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी, नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

# तहसील एवं नायब तहसील न्यायालय का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कवर्धा तहसील एवं नायब तहसील न्यायालय का औचक निरीक्षण कर राजस्व मामलों की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, आरबीसी 6-4 सहित समय-सीमा पार कर लंबित प्रकरणों की स्थिति का अवलोकन किया और त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने विशेष रूप से प्राकृतिक आपदा और सड़क दुर्घटना से जुड़े आठ मामलों की समीक्षा की और सभी को 15 दिनों के भीतर निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण से विचार किया जाए, ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय और राहत मिल सके। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि तहसीलदार और थानेदार परस्पर समन्वय बनाते हुए सभी आवश्यक दस्तावेजों को तत्काल एकत्र करें और प्रकरणों का यथाशीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने वर्षा ऋतु के दौरान क्षेत्रीय भ्रमण बढ़ाने और आपदा की स्थिति में नियमों के अनुसार शीघ्र राहत राशि स्वीकृत करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने तहसील न्यायालय के त्रुटि सुधार के आठ, सीमांकन के एक, वहीं नायब तहसील न्यायालय के त्रुटि सुधार के दो तथा सीमांकन के एक लंबित प्रकरण का शीघ्र निराकरण करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी लंबित मामलों की साप्ताहिक समीक्षा कर तेजी से कार्रवाई सुनिश्चित करने पर बल दिया। कलेक्टर श्री वर्मा ने विशेष रूप से उन प्रकरणों पर नाराजगी जताई जिनमें पटवारी प्रतिवेदन के लिए बार-बार पेशी बढ़ाई जा रही है। उन्होंने ऐसे पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए कहा कि आम जनता को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए राजस्व कार्य प्रणाली को सरल, पारदर्शी और जनहितैषी बनाया जाए। कलेक्टर श्री वर्मा ने वर्षों से लंबित फाइलों की स्वयं समीक्षा करते हुए पाया कि अनेक मामलों में पक्षकार न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे हैं। इस पर उन्होंने निर्देशित किया कि ऐसी स्थिति में नियमानुसार आगे की कार्यवाही कर प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण किया जाए। साथ ही लंबित सुनवाई वाले प्रकरणों में पक्षकारों को शीघ्र नोटिस जारी कर उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर एवं एसडीएम मुकेश रावटे, तहसीलदार परमेश्वर मंडावी तथा नायब तहसीलदार विकास जैन उपस्थित थे।

## कोलेगांव हाई स्कूल में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधा रोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

जिले के शिक्षा विभाग की ओर से चलाए जा रहे वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल कोलेगांव में एक पेड़ मां के नाम 2.0 के तहत वृक्षारोपण किया गया संस्था के प्राचार्य संतोष कुमार डहरिया एवं शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष डॉक्टर संतोष साहू ने बताया कि इस कार्यक्रम में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया और लगाए गए पौधों की सुरक्षा का संकल्प लिया यह पहला पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और नई पीढ़ी को प्रकृति से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगा इसलिए हर व्यक्ति को एक पेड़ अवश्य लगे आने वाले पीढ़ी के लिए पेड़ लगाना अति आवश्यक है, इस अवसर पर प्रधान पाठक शिव प्रसाद कोसरिया, शशीकांत तिवारी, अवधेश पयासि, गोवर्धन चंद्रवंशी एवं समस्त विद्यार्थी गण सहभागी बने।

**समस्या:** पोलमी के पास राजकीय राज मार्ग का एक बड़ा हिस्सा कटा, आवागमन बाधित

# अंचल में लगातार भारी बारिश के चलते पंडरिया-बजाग मार्ग में कटाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिलेभर में बीते करीब तीन दिनो से जारी हल्की तेज बारिश के चलते जहां समूचा जिला तरबतर हो गया है वहीं जिले के वनांचल ईलाकों तथा पहाड़ों में हो रही तेज बारिश के चलते क्षेत्र के नाली नाले उफान मारने लगे हैं। आलम ये है कि वनांचल ईलाकों के खेत, खलिहानो, मैदानो तक में बारिश का पानी भर गया है। इसी कड़ी में भारी बारिश के बीच शनिवार को जिले से होकर गुजरने वाले राजकीय राज मार्ग पंडरिया-बजाग मार्ग में ग्राम पोलमी के पास सड़क धंसने की भी खबर सामने आई है। बताया जाता है कि लगातार जारी भारी बारिश के बीच शनिवार की दोपहर मार्ग का एक बड़ा हिस्सा कट कर धंस गया। जिसके चलते मार्ग का आवागमन भी बाधित हो रहा है। हालांकि सड़क का कटाव किनारे से होने के कारण छोटे वाहन निकल पा रहे हैं लेकिन बड़े वाहनो के लिए इस तरह की गुस्ताखी खतरनाक साबित हो सकती है। यहां बताना लाजिमी होगा कि पंडरिया-बजाग राजकीय मार्ग पहाड़ो से होकर गुजरता है और जिस स्थान में सड़क का कटाव हुआ है वह भी पहाड़ी क्षेत्र है। ऐसे में माना जा रहा है पहाड़ में निर्मित इस सड़क का कटाव और भी बढ़ सकता है।







### नदी, नाले उफान पर, खेत, खलिहानो में भरा बारिश का पानी

अंचल में लगातार हो रही बारिश के चलते नदी नालों का जल स्तर बढ़ गया है। जिले के विकासखण्ड पंडरिया से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम पंडरी पानी, बिरुलडीह, घोघरा, माहीडबरा, हाथीबुडॉन, छुही जाने वाले मार्ग में स्थित नाले में बाढ़ के हालात निर्मित होने के कारण नाला में बना रपट डूब गया है जिससे मार्ग बाधित चल रहा है। इसी प्रकार ग्राम खैरझिटी से होकर बहने वाली हाफ नदी में बाढ़ आने से बाढ़ का पानी बस्ती में घुसने लगा है। जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि इस वर्ष हाफ नदी में बीते वर्षो की अपेक्षा जल स्तर काफी अधिक है। वर्तमान में हाफ नदी में करीब 5 मीटर पानी बह रहा है। जिससे निचले ईलाके प्रभावित हो रहे हैं।



# कांवड़ यात्रा के छठे दिन विधायक भावना व कांवड़ियों ने डोंगरिया में किया जलाभिषेक

### उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और बेलतरा विधायक शुक्ला ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

- डोंगरिया महादेव की पूजा कर बोड़ला के लिए किया प्रस्थान

नर्मदा मंदिर अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक कांवड़ यात्रा के छठवें दिन शनिवार को पंडरिया विधायक एवं कांवड़ यात्रियों ने डोंगरिया महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की समृद्धि एवं प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना कर बोड़ला के लिए प्रस्थान किया। कांवड़ यात्रा डोंगरिया से महामाया मंदिर पांडातराई, खरहट्टा चौक, कुसुमघटा, नेउरगांव से बोड़ला पहुंची जहां हजारों की संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, विभिन्न सामाजिक एवं हिन्दू संगठन व क्षेत्रवासियों ने पंडरिया विधायक भावना बोहरा एवं कांवड़ियों का स्वागत किया गया।

इसके साथ ही प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने भी भावना बोहरा और उनके साथ यात्रा में शामिल सभी कांवड़ियों का स्वागत व अभिनंदन किया एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी। इस दौरान सुशांत शुक्ला भी भावना बोहरा और कांवड़ यात्रियों के साथ पांडातराई से बोड़ला तक पद यात्रा की। यात्रा के अंतिम दिन 27 जुलाई को पंडरिया विधायक भावना बोहरा और सभी कांवड़ यात्री सुबह 7 बजे बोड़ला से यात्रा प्रारंभ करेंगे और दोपहर 12 बजे भोरमदेव मंदिर में शिवजी की पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक कर छत्तीसगढ़ वासियों की सुख-समृद्धि एवं प्रदेश की खुशहाली की कामना के साथ ही यह यात्रा पूर्ण होगी। इस अवसर पर भावना बोहरा ने कांवड़ यात्रा में सहभागी बनने और पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत करने क लिए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, समस्त भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता, युवा एवं महिला मोर्चा के सदस्यों, विभिन्न सामाजिक व हिन्दू संगठनों तथा जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। भावना बोहरा ने कहा कि सनातन संस्कृति में कांवड़ यात्रा का विशेष महत्व है। यह आस्था का वो प्रवाह है, जो सर्व समाज और देश को भक्ति की एकता में जोड़ता है। इसी भक्ति भावना से शक्ति प्राप्त करके हम छत्तीसगढ़ की समृद्धि और प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना लेकर माँ नर्मदा, अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर की कांवड़ यात्रा पर निरंतर गतिमान है।

विगत छः दिनों में अमरकंटक से निकली हमारी यात्रा में कई उतार-चढ़ाव आए, घने जंगलों, उफनती नदियों, पहाड़ों एवं तेज बारिशों का सामना करते हुए हमारी यात्रा भगवान भोलेनाथ एवं मां नर्मदा के आशीर्वाद से निरंतर आगे बढ़ रही है और भोलेनाथ जी कृपा से कल हम अपने अंतिम पड़ाव की ओर बोड़ला से भोरमदेव मंदिर की ओर प्रस्थान करेंगे। मैं इस अवसर पर कबीरधाम जिले के समस्त शिवभक्तों को निवेदन करती हूं कि वे भोरमदेव मंदिर में रविवार को जरुर पधारें और भगवान भोलेनाथ जी का जलाभिषेक करके इस पुण्य यात्रा के सहभागी बनें।

भावना बोहरा ने आगे कहा कि कांवड़ यात्रा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह आत्म-संयम, धैर्य और दृढ़ संकल्प का प्रतीक भी है। यह हमें जीवन में कठिनाइयों का सामना करने की प्रेरणा देता है। यह हमें अपने भीतर की शक्ति को पहचानने और जीवन को सकारात्मक दृष्टिकोण से जीने की प्रेरणा देती है। कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि आस्था, भक्ति, समर्पण और मानवता का एक अनूठा संगम है। हर वर्ष, लाखों भक्त कठिन रास्तों को पार करते हुए, आराध्य भोलेनाथ को जल अर्पित करने के लिए इस यात्रा पर निकलते हैं। यह यात्रा केवल शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक भी है।

यह हमें सिखाती है कि जीवन में कितनी भी कठिनाइयां आएं, सच्ची भक्ति और दृढ़ संकल्प के साथ हम हर बाधा को पार कर सकते हैं। कांवड़ यात्रा का हर कदम हमें आत्म-नियंत्रण, धैर्य और सहनशीलता का पाठ पढ़ाता है। यह यात्रा हमें यह भी सिखाती है कि समाज में एकता और भाईचारे का कितना महत्व है। मैं सभी शिवभक्तों से आग्रह करती हूँ कि हम सनातन संस्कृति के इस गौरवशाली विरासत को संजोएँ और कांवड़ यात्रा में सहभागी बनकर अपनी आस्था और एकता को और मजबूत करें। विधायक भावना बोहरा के नगर पंचायत पांडातराई आगमन होते ही उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, बेलतरा विधायक सुशांक शुक्ला , जिला पंचायत अध्यक्ष ईशश्वरी साहू, रामकुमार भट्ट, गोपाल साहू, नितेश अग्रवाल,मंडल अध्यक्ष प्रदीप पुरी गोस्वामी अध्यक्ष सरिता सोनी,नप उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर,नप पूर्व अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, पार्षद श्रीमती बिंदु साहू ,संजय चंद्रवंशी, सभापति रामू पांडे, श्रीमती रितु मिश्रा ,सुशील गुप्ता, सूर्यकांत सोनी ,सावित्री चंद्रवंशी, भगवती कुंभकार, अजय गिरी गोस्वामी, अखिल सोनी, शिव सहाय गुप्ता, भीषण तिवारी, विजय गुप्ता बैजनाथ चंद्रवंशी लक्ष्मी निर्मलकर, भरत चंद्रवंशी ,सुदर्शन चंद्रवंशी, शाहिद काफी संख्या में नगर वासी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## मुमुक्षु गुन कवाड़ का सकल जैन श्री संघ ने किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



धमतरी काटाबांजी की वैराग्यवती बहिन गुन कवाड़ का अभिनंदन सकल जैन श्री संघ के तत्वावधान में गत शुक्रवार संध्या जैन स्थानक भवन में किया गया। मंगलाचरण श्रीमती किरण नाहटा एवं स्वागत गीत साधुमार्गी जैन संघ अध्यक्ष श्रीमती लता बोथरा के नेतृत्व में महिला मंडल द्वारा प्रस्तुत किया गया। सकल जैन श्री संघ अध्यक्ष नेमीचंद श्रीश्रीमाल, साधु मार्गी जैन श्री संघ अध्यक्ष गुलाबचंद श्री श्रीश्रीमाल, जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक संघ अध्यक्ष खुशाल टाटिया, वर्धमान स्थानक वासी जैन संघ महामंत्री गेंदमल मोदी, ओजस्वी वक्ता दिनेश श्री श्रीमाल, समृद्धि टाटिया, प्रसिद्धि, व्याख्याति श्रीश्रीमाल आदि ने अपने उदगार व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुमुक्षु गुन के साथ उनकी माता रिंकू-ऋषि कवाड़ , महेश कोटडिया, श्रीमती शोभा कोटडिया, परी, मौला कोटडिया के साथ ही साथ स्थानीय मौसी मौसा युगल द्वय श्रीमती त्रप्ति-दीपक श्रीश्रीमाल एवं श्रीमती श्रद्धा-प्रवीण बोथरा आदि का भी बहुमान श्रावक, श्राविकाओं द्वारा किया गया। श्रीमती तृप्ति श्रीश्रीमाल द्वारा कृतज्ञता व्यक्त की गई। दूसरे दिन जैन मंदिर परिसर के चोपड़ा हाल में चातुर्मासार्थ विराजित पूज्य दर्शन प्रभा जी महाराज साहब ठाणा तीन के सानिध्य में अभिनंदन अनुमोदना कार्यक्रम आयोजित किया गया। चातुर्मास समिति के अध्यक्ष नितेश नाहर के संचालन में श्वेतांबर मूर्ति पूजक जैन संघ अध्यक्ष खुशाल टाटिया एवं गेन्दमल मोदी ने क्रमशः जैन मूर्ति पूजक संघ तथा जैन श्री सकल संघ की ओर से अभिनंदन पत्र का वाचन किया जिसे अध्यक्ष नेमीचंद, लोकचंद मुनोत, डॉ. मोहन जैन, डॉ. नितिन जैन, खुशाल टाटिया, महावीर खाटेर, विनोद सेठिया आदि श्रावकों ने मुमुक्षु गुन कवाड़ को भेंट कर संयमी जीवन के प्रति शुभेच्छा व्यक्त की। साध्वी वर्या पू. दर्शन प्रभा जी एवं पूज्चारित्र प्रभा जी ने मंगल आशीर्वाद प्रदान किया। अपने उद्बोधन में मुमुक्षु गुन कवाड़ ने कहा की हमारा सच्चा साथी धर्म ही है। प्रत्येक व्यक्ति को धर्म से जुड़ना है। राम जन्मभूमि देशनोक में 9 अगस्त 25 को आयोजित दीक्षा प्रसंग पर पधारने का भी उन्होंने सभी से विनम्र अनुरोध किया। इस अवसर पर मातृशक्ति की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

## आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा आज

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) रायपुर द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन 27 जुलाई 2025 रविवार को किया जाएगा। यह परीक्षा सुबह पाली में प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक संपन्न होगी। कबीरधाम जिले में परीक्षा के लिए कुल 16 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं, जहां 5,279 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने परीक्षा की समुचित तैयारी सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी केन्द्रो पर सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा संचालन और अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु मूलभूत आवश्यकताओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। परीक्षा की सुचारु और पारदर्शी तरीके से सम्पन्नता के लिए पुलिस नोडल अधिकारी के रूप में कृष्णा कुमार चन्द्राकर को नियुक्त किया गया है। व्यापम द्वारा परीक्षा केन्द्रो पर कड़े दिशा-निर्देश लागू किए गए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता से बचा जा सके। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 16 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया गया है। इसमें पीजी कॉलेज कवर्धा, शासकीय राजमाता विजयराजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय कवर्धा, संत कबीर कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन कवर्धा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल दुर्गावती चौक, शासकीय स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल बस स्टैड, स्वामी करपात्री जी शासकीय हायर स्कूल कवर्धा, शासकीय नवीन कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल कचहरीपारा कवर्धा, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल शक्ति वार्ड कवर्धा, शासकीय हाई स्कूल कैलाश नगर कवर्धा, होली क्रॉस हायर सेकेंडरी स्कूल भोरमदेव रोड कवर्धा, होली किंगडम इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल तारों लालपुरकला राजमहल परिसर कवर्धा, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल खैरबनाकला, अशोका पब्लिक स्कूल छिरहा, रायपुर रोड कवर्धा, श्री शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बिरकोना, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल पिपरिया, सरस्वती शिशु मंदिर राजनांदगांव रोड कवर्धा को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

## रक्से में किया गया पौधा रोपण



**कवर्धा।** विकासखण्ड स लोहारा के ग्राम रक्से में शनिवार को ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों तथा ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत भवन के सामने पौध रोपण किया। इस अवसर पर पूर्व मण्डी उपाध्यक्ष चोवाराम साहू ने कहा कि पौध रोपण हम सब की जिम्मेदारी है। लेकिन सिर्फ पौध रोपण से हमारा कर्तव्य पूरा नहीं हो सकता है हमे पौध रोपण करने के बाद उसके संरक्षण की भी जिम्मेदारी लेनी होगी। उन्होने लोगों को अधिक से अधिक संख्या में पौध रोपण के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच पुष्पा रघुनाथ ठाकुर, उप सरपंच अनुसुईया साहू, पंच मनोज साहू, पूर्णिमा साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उमा साहू, कैंवरा साहू, भुनेश्वरी साहू आदि उपस्थित थे।

## मात्स्यिकी महाविद्यालय में मनाया गया कारगिल विजय दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

स्व. पुनाराम निषाद मात्स्यिकी महाविद्यालय, कवर्धा में 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया गया। हर साल 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है, यह दिन 1999 के कारगिल युध्द में भारतीय की ऐतिहासिक जीत की याद में मनाया जाता है। यह दिन छात्रों के लिए गर्व और प्रेरणा का दिन है, भारतीय सैनिकों के शौर्य और बलिदान को याद कराता है। इस कार्यक्रम में रासेयो इकाई द्वारा स्लोगन, स्किट, नुकड़ नाटक, भाषण, नृत्य प्रतियोगिता में बढ़चढ़ के भाग लिया गया। कार्यक्रम में कारगिल के शहीदो में श्रद्धांजलि दी गई।

## गांजा तस्करी करते पांच गिरफ्तार, दो किलो गांजा जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले में गांजा तस्करी की एक और बड़ी कड़ी को पुलिस ने तोड़ दिया है। पिपरिया पुलिस ने धरमपुरा से इंदौरी की ओर जा रहे गांजा तस्करों की घेराबंदी कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से दो किलो से अधिक मादक पदार्थ गांजा, एक मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन सहित कुल 70,470 रुपए मूल्य का सामान जब्त किया गया है। गिरफ्त में आए आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 220/2025, धारा 20(बी)(।।)(बी), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना पिपरिया पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति अवैध गांजा लेकर धरमपुरा से इंदौरी की ओर मोटरसाइकिल में जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सरकारी वाहन में रवाना होकर धरमपुरा-मिरमिट्टी मोड़ के पास नाकाबंदी की। कुछ ही देर में एक बजाज प्लेटिना मोटर साइकिल क्रमांक सीजी-09-जेएस-8378 में दो युवक आते दिखाई दिए, जिन्हें रोककर जांच की



गई। तलाशी में उनके कब्जे से 2.047 किलो ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 20,470 रुपये आंकी गई। मौके पर ही माल को जब्त कर विधिवत सील किया गया। तथा गांजा तस्करी में प्रयुक्त मोटर सायकल को भी पुलिस ने जप्त कर लिया। गिरफ्त में लिए गए दोनों युवकों ने पूछताछ में जो जानकारी दी, उसके आधार पर पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया गया। उन्होंने बताया कि यह गांजा उन्होंने अन्य तीन व्यक्तियों के साथ मिलकर खरीदा था और बेचने के लिए इंदौरी की ओर ले जा रहे थे। इस खुलासे के बाद पुलिस ने मामले में आरोपी राकेश चन्द्रवंशी पिता लोमस चन्द्रवंशी उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम जिन्दा, थाना पिपरिया, नीरज चन्द्रवंशी पिता दिनेश चन्द्रवंशी, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम सैहामालगी, चौकी दामापुर, थाना कुण्डा, आदित्य चन्द्रवंशी पिता संतोष चन्द्रवंशी, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम बिरकोना, अनुज साहू पिता राजेन्द्र साहू, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम धरमपुरा तथा रामेश्वर कौशिक पिता संतोष कौशिक, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम जिन्दा, थाना पिपरिया को गिरफ्तार कर लिया। इन सभी से पूछताछ कर उनके पास से मोबाइल फोन, सीम कार्ड, गांजा बिक्री से संबंधित रकम एवं अन्य साक्ष्य जब्त किए गए हैं।

प्राकट्योत्सव में शामिल होने कवर्धा सहित छत्तीसगढ़ से हजारों भक्त पहुंचे मुंबई

# धूमधाम से मनाया गया स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का प्राकट्योत्सव





हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ज्योतिष पीठ का शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का 56 वां प्राकट्योत्सव 26 जुलाई को मुंबई महाराष्ट्र में श्रद्धा भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जहां देश, विदेश के उनके अनुयायी प्राकट्योत्सव कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे वहीं कबीरधाम जिले से भी मुख्य कार्यकारी अधिकारी ज्योतिर्मठ चन्द्रप्रकाश उपाध्याय के नेतृत्व सैकड़ों की संख्या में भक्तों व शिष्यों ने कार्यक्रम में पहुंचकर गुरूदर्शन किए। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ के बेमेतरा तथा अन्य जिलों से भी भक्तों की भारी भीड़ ज्योतिष पीठ का शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का 56 वां प्राकट्योत्सव में शामिल होने पहुंची थी। कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी ज्योतिर्मठ चन्द्रप्रकाश उपाध्याय ने कहा कि हम गुरुदेव को ना बधाई दे सकते ना ही शुभकामनाएं दे सकते हम सिर्फ दण्डवत प्रणाम कर सकते हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस बार जगद्गुरु शंकराचार्य ज्योतिष्पीठाधीश्वर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती अपना 23 वां चातुर्मास व्रत अनुष्ठान मुंबई में पूर्ण कर रहे हैं। इस दौरान यहां नित्य प्रातः 108 विशेष शिवलिंगों के अभिषेक के साथ कई और धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे हैं।

# छिरहा शासकीय हाई स्कूल में विद्यार्थियों के कलात्मक विकास के लिए कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए, शासकीय हाई स्कूल छिरहा में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पहल प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी के मार्गदर्शन में की गई, जिसमें ग्राम झलमला निवासी शिक्षक गोविंद सिंह राजपूत ने विद्यार्थियों को चित्रकारी और मिमिक्री की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने सरल और सहज तरीके से चित्रकला की मूल बातें समझाया, जिसमें स्केचिंग और रंगों के उपयोग पर विशेष ध्यान दिया गया। इसके साथ ही मिमिक्री की कला पर भी प्रकाश डाला, जिससे विद्यार्थियों को अपनी अभिव्यक्ति कौशल को निखारने का अवसर मिला। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मकता को बढ़ावा देना और उन्हें कला के विभिन्न रूपों से परिचित कराना था।



स्कूल प्रबंधन का मानना है कि ऐसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन के साथ-साथ उनके व्यक्तिगत विकास के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस अवसर पर शिक्षक ने प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी का एक सुंदर स्केच बनाकर उन्हें भेंट किया। कार्यक्रम में व्याख्याता रंजीता माहेश्वरी, वीणाक्षी नामदेव एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

## सार समाचार

### तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित



**राजनांदगांव।** पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में तनाव प्रबंधन विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव गजेन्द्र सिंह अध्यक्ष के रूप में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि लाईफ कोच रोहित तेलंग ने वक्ता के रूप में पुलिस अधिकारियों को संबोधित किया। कार्यशाला के आखिरी दिन मुख्य व्याख्याता रोहित तेलंग को पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यशाला के मुख्य आयोजक सीडीआई ब्रीजेश भदौरिया तथा सविता इक्का और सभी पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

### पीएचई कांट्रेक्टर एसो. कार्यकारिणी की घोषणा

**राजनांदगांव।** जिला पीएचईडी कांट्रेक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक पंजवानी ने शुक्रवार को अपनी नई कार्यकारिणी का गठन किया है।



प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश जोशी की अनुशंसा पर श्री पंजवानी द्वारा घोषित कार्यकारिणी के पदाधिकारी में संरक्षकगण राकेश जोशी, अनिल सक्सेना, सुरेन्द्र दास, निलेश श्रीवास्तव, टिकुन टांक, अरविंद शर्मा, शत्रुहन वर्मा, मूलचंद लोधी, अमिन हुद्दा हैं। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, संजय संचेती डोंगरगांव, वीरेन्द्र चौहान, नरेश रामटेके, आशीष अग्रवाल डोंगरगढ़ बनाए गए हैं। इसी कड़ी में सचिव पद पर विनय बिंदल, सारांश आजमानी, कोषाध्यक्ष अतुल अग्रवाल, विधिक सलाहकार नरेश शर्मा अधिवक्ता, सहसचिव मनोज ठाकुर, विजय अग्रवाल, गोलू सिन्हा, वैभव शुक्ला, मीडिया प्रभारी प्रतीक जैन को बनाया गया है। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में अर्जुन सिन्हा, राकेश शेंडे, इंदर साहू डोंगरगढ़, मानिक वर्मा, कुलदीप कुरंजेकर, प्रियंक जैन डोंगरगांव शामिल हैं। उक्त जानकारी अशोक पंजवानी ने दी।

### श्रावण व हरेली तीज महोत्सव आज

**राजनांदगांव।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादह पं.क्र. 1282 उप समिति राजनांदगांव महिला मंडल द्वारा श्रावण एवं हरेली तीज महोत्सव समारोह कल 27 जुलाई को दोपहर 12 बजे महाराणा प्रताप मंगल भवन दीनदयाल नगर चिखली में रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती वीणा सिंह व अध्यक्षता उप समिति राजनांदगांव अध्यक्ष शशि चौहान करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में करूणा यादव, तरूणा साहू, हेमा सुरेश देशमुख, रश्मि सिंह, मधुबाला सिंह, छाया देवेन्द्र सिंह शामिल रहेंगे। कार्यक्रम में फैंसी ड्रेस 5 से 10 वर्ष केवल बालिकाएं, सावन सुंदरी चुना जाएगा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ठा. आदर्श सिंह ने दी।

### 43 विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**राजनांदगांव।** पं. शिवकुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सुरगी राजनांदगांव के तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने 25 जुलाई को डॉ.



विनम्रता जैन अधिष्ठाता के मार्गदर्शन में ग्राम बघेरा स्थित रेशम कीट पालन यूनिट में शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. नितिन कुमार तुर्रे एवं डॉ. मनोज कुमार चंद्राकर सहित 43 विद्यार्थियों ने भ्रमण कर तकनीकी ज्ञान प्राप्त किए। भ्रमण के दौरान रेशम कीट पालन केंद्र बघेरा के प्रभारी संजीव कुमार एवं हरीश देशमुख ने विद्यार्थियों को रेशम कीट पालन अंतर्गत अंडा उत्पादन, कोकून निर्माण, रेशम कीटों की विभिन्न अवस्थाओं, पालन तकनीक, कीट एवं रोग प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही रोजगार के अवसरों पर जानकारी दी।

### ब्रांच मैनेजर से पेंशनर पदाधिकारियों ने की मुलाकात

**राजनांदगांव।** पेंशनर्स संगठन के पदाधिकारियों ने बैंक संबंधित



समस्याओं के समाधान के लिए कलेक्टोरेट शाखा राजनांदगांव के ब्रांच मैनेजर विनोद किशोर बासकी से मुलाकात की। इस अवसर पर प्रांत अध्यक्ष डॉ. केएल टांडेकर, महामंत्री केपी सिंह, संगठन सचिव राजेश रथी, तहसील अध्यक्ष बीटी वाल्दे, कोषाध्यक्ष विजय निषाद, सिद्धार्थ चौरे, थनवार साहू, ओमप्रकाश शर्मा, जिलाध्यक्ष इंजी. जीआर देवांगन उपस्थित रहे।

## जन्माष्टमी पर यादव समाज निकालेगा शोभायात्रा

- बाइक रैली और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे आयोजित

**राजनांदगांव।** यादव समाज राजनांदगांव द्वारा यदुवंशियों के ईष्टदेव भगवान श्रीकृष्ण की जन्माष्टमी अवसर पर भव्य शोभायात्रा सहित विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समाज के संरक्षक एवं महापौर मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने बैठक आयोजित कर उक्त निर्णय लिया।



आयोजन के प्रथम दिवस 15 अगस्त को समाज के युवक-युवतियों एवं महिलाओं द्वारा बाइक रैली के साथ तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें देशभक्ति के साथ धर्म का संदेश दिया जाएगा। रैली दोपहर 3 बजे स्टेट हाईस्कूल मैदान से प्रारंभ होगी और शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते वापस स्टेट हाईस्कूल मैदान पहुंचेगी।

द्वितीय दिवस 16 अगस्त को सुबह 9 बजे महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के सामने स्थित साहड़ा देव मंदिर में पूजा-अर्चना की जाएगी। तत्पश्चात दोपहर 2 बजे से स्टेट हाईस्कूल मैदान से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें पालकी, भजन मंडली, बाजे-गाजे और राउत नृत्य आदि के साथ विभिन्न मोहल्ले से युवकों द्वारा श्रीकृष्ण लीलाओं पर आधारित चलित झंकियों का प्रदर्शन भी किया जाएगा।आयोजन के तृतीय दिवस 17 अगस्त को गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में सुबह 11 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें यादव समाज झेरिया, कोसरिया, ठेठवार सभी इकाई के युवक - युवती, महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग सभी शामिल होंगे। महापौर मधुसूदन यादव के निवास में आयोजित बैठक में समाज के कार्यकारी अध्यक्ष दुर्गेश यादव, दुर्गा यादव, राधे यादव, विनोद यादव (बंटी ), गरीबाराम यादव, कार्तिक यादव, सुदेश यादव, महेश यादव, हरीश यादव, उपेंद्र यादव, शीलू यादव, पूनाराम यादव, अमन यादव, राजेश यादव, रितेश यादव, प्रेमशंकर यादव, नीतेश यादव, चेतन यादव, मुरली यादव आदि उपस्थित थे।

### नदी किनारे सैकडों किसानों के खेत व सब्जी कछार बाढ़ के डूबान में

# सावन में शिवनाथ उफान पर सैकड़ों एकड़ फसल बाढ़ में बही

**महीने में दूसरी बार किसानों की फसल को नुकसान,किसान चिंताओ से घिरे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी



शुक्रवार से महराष्ट्र बार्डर एवं वनांचल में हो रही निरंतर बारिश के बाद शिवनाथ नदी नगर में उफान पर है। पखवाडे भर के अंतराल में नगरवासियों को दूसरी बार बाढ का सामना करना पड रहा है। बाढ़ से नदी किनारे लगे खेत एवं सब्जी भाजी के कछार दूसरी बार डूब गए है।

बाढ़ उतरने के बाद एक बार फिर तबाही का मंजर सामने आएगा, लेकिन यह तय है की किसानों को इस वर्ष दूसरी बार हजारों रूपए की क्षति का सामना करना पडेगा।

शुक्रवार से नगर व क्षेत्र में हो रही भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। गुरूवार से नगर में एक तरह से बंद का माहौल है। बारिश के चलते पिछले दो दिनों से नगर में सड़क किनारे लगने वाली गुमठिया एवं रेहडी दुकानें बंद ही नजर आई है। जबकि बड़ी प्रतिष्ठानें भी बारिश के चलते खुल ही नही रही है। निरंतर हो रही वर्षा से ब्लाक मुख्यालय में लोगो की आवाजाही सामान्य दिनों के मुकाबले कम ही नजर आई। हरेली पर्व के दिन यात्री वाहनों की आवाजाही बंद थी, लेकिन पिछले दो दिनों से बारिश के चलते बसों के पहिए थम से गए है।

#### नदी किनारे बस्ती अलर्ट पर

नगर में शिवनाथ नदी के किनारे बसी बस्ती वार्ड क्रमांक 12, 13, 14 एवं 8 का निचला इलाका बाढ़ आने से डूबान में आ जाता है। यंहा पर शिवनाथ में बाढ़ आने से नदी किनारे स्थित असंख्य मकानों में एक से तीन फीट तक पानी घुस जाता है। जिससे इन इलाकों में रहने वाले लोगों को मकान खाली करा कर नगर पंचायत द्वारा सामुदायिक भवन, मंगल भवन या टाउन हाल में अस्थाई निवास बना कर ठहराना पड़ता है। प्रसासन के अलर्ट के बाद नदी किनारे स्थित इन बस्तियों एवं यहां के निवासियों का अलर्ट कर दिया गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने आज शाम नगर के बाढ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर यहां के रहवासियों को बाढ़ के खतरे को देखते हुए सुरक्षित ठिकाने में चले जाने या नगर पंचायत द्वारा बनाए गए अस्थाई आवास में ठहर जाने की अपील की है।

#### बाढ़ से खेत व सब्जी कछार डूबी

पखवाड़े भर के अंदर शिवनाथ नदी में बाढ़ आ गई है। बाढ़ से नदी किनारे स्थित नगर के अलावा ग्राम बिहरीकला, बिहरीखुर्द, केसला, सिरमुंढा, बोईरडीह, सांगली, थुहाडबरी, ब्राम्हणभेडी, धानापायली, सेम्हरबांधा, पीपरखार, कातुलवाही के सैकड़ों किसानों के खेत व सब्जी कछार बाढ के डूबान में है। बाढ़ से प्रभावित किसानों ने बताया की एक पखवाड़े पहले ही उन्होंने नदी से बाढ़ उतरने के बाद अपने खेतों में दोबरा बोआई एवं थरहा लगाने का कार्य किया था। अब दूसारी बार की बाढ़ से उनकी कमर ही टूट गई है। क्योकि अब बाढ़ उतरने के बाद उन्हें तीसरी बार पुनः नए सिरे से फसल लेने के लिए अपनी तैयारी करनी पडेगी।

#### मोंगरा बराज से 20 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया

भारी बारिश से मोंगरा बराज लबालब हो गई है। मोहला एसडीएम डॉ हेमेन्द्र भूआर्य ने बताया की शनिवार को शाम तक की स्थिति में मोंगरा बराज से बीस हजार क्यूसेक पानी नदी में छोड़ा गया है। एसडीएम ने बताया की यदि बराज में भराव अधिक हुआ तो पानी दुबारा छोड़ा जा सकता है। मोंगरा बराज के अधिकारी कर्मचारी हालात पर नजर रखे हुए हे। इधर बराज के सुत्रों की माने तो भारी बारिश से बराज में जल स्तर तेजी से बढ़ता जा रहा है। वर्तमान में बराज के पांच गेट खोल कर रखे गए है। यदि पानी अधिक आया तो बराज से फिर पानी डिस्चार्ज किया जाएगा।

### पर्पल फेयर का आयोजन 28 को

**राजनांदगांव।** समेकित क्षेत्रीय केन्द्र (सीआरसी) ठाकुरटोला राजनांदगांव में 28 जुलाई को सुबह 10 बजे से दिव्यांगजनों हेतु दिव्यांगजन द्वारा मेला पर्पल फेयर का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को उनके कौशल प्रदर्शन, रोजगार के अवसरों, सरकारी योजनाओं से जुड़ाव तथा सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर रोजगार मेला, सहायक उपकरण वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल गतिविधियां, कला गैलरी, स्टॉल प्रदर्शन सहित अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### यादव समाज की बैठक आज

**राजनांदगांव।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने के संबंध में यादव समाज स्टेशनपारा वार्ड क्रमांक 11 खंडेलवाल चौक के पास कल 27 जुलाई को रात्रि 7 बजे यादव समाज के लोगों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक में 15 अगस्त को सामाजिक मोटर साइकिल रैली एवं 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा तथा 17 अगस्त को श्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम के संबंध में समाज के लोगों की सहभागिता व भव्य रूप से जन्मोत्सव मनाए जाने बाबत रूपरेखा तैयार किया जाएगा। सभी स्वजातीय बंधुओं, महिला, पुरूषों से उक्त बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है। उक्ताशय की जानकारी यादव समाज के कार्यकर्ता अखिलेश यादव ने दी।

## रजिस्ट्री नहीं होने से बंटवारे में होगी समस्या : पिंटू

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता (संशोधन) विधेयक-2025 में अब 5 डिसमिल से कम कृषि



भूमि की रजिस्ट्री नहीं होगी, जिसे लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिंटू ने सरकार के इस फैसले पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह संशोधन गरीब किसानों, सीमांत कृषकों के अधिकारों पर सीधा हमला है। यह नीति बड़े जमींदारों और पूंजीपतियों के हित में है। इससे गरीब किसानों को अपनी थोड़ी बहुत भूमि के बंटवारे या उत्तराधिकार संबंधी अधिकारों में भारी अड़चन आएगी। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर परिवारों में भूमि के छोटे टुकड़े वारिसों में बांटे जाते है। इस कानून से हजारों परिवारों के हक पर चोंट पहुंचेगी। श्री पिंटू ने कहा कि इस कानून को वापस लें या संशोधित करें। यह गरीब किसानों के हितों पर संवेदनहीन प्रहार है।

#### मध्यमवर्गीय नहीं खरीद पाएंगे भूमि

इस फैसले का सबसे ज्यादा असर मध्यम वर्ग पर पड़ेगा। 5 डिसमिल से कम भूमि की खरीदी-बिक्री भी नहीं होगी। निम्न और मध्यम आय वर्ग के अधिकांश लोग एक-दो डिसमिल भूमि ही ले पाते हैं। अब छोटी भूमि की रजिस्ट्री बंद होने से ऐसे लोग जमीन ही नहीं खरीद पाएंगे। ऐसे लोगों के भविष्य के लिए जमीन खरीदी के सपने को भी

### शिवसेना चला रही हस्ताक्षर अभियान

**राजनांदगांव।** शिव सेना द्वारा गौ रक्षा के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत शिवसेना ने गौमाता की हत्या बंद करने, गौ तस्कर गाड़ी को राजसात करने, गौ हत्या करते पाएं जाने पर हत्या का मामला दर्ज करने, गांव-गांव स्थित गौठान को गौशाला का नाम देकर घुमंतू पशुओं को सुरक्षित रखने और कलेक्टर रेट पर दो गौसेवक रखने, गौमाता को राजमाता घोषित करने शिवसेना के किसान सेना प्रदेश अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, शोभाशकंर त्रिपाठी, दिनेश ताम्रकार, मनीष तिवारी द्वारा हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाने अपील की जा रही है। शिवसेना ने पहले चरण में दुर्ग संभाग के राजनांदगांव, चौकी मोहला मानपुर, खैरागढ़ छुईखदान गंडई , दुर्ग, कबीरधाम, बालोद, बेमेतरा में एक लाख महाहस्ताक्षर अभियान का लक्ष्य रखा गया है।

## शहर में रेल कोच रेस्टोरेंट्स का शीघ्र होगा संचालन

**राजनांदगांव।** रेलवे ने देश के अलग-अलग रेलवे स्टेशनों पर रेल कोच रेस्टोरेंट की शुरूआत की है। कई स्टेशनों पर यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाओं का अहसास कराने रेल कोच रेस्टोरेंट खोले जा रहे हैं। जल्द ही राजनांदगांव रेलवे स्टेशन पर भी रेल कोच रेस्टोरेंट होगा। इसके लिए रेलवे द्वारा अनुपयोगी रेल कोच उपलब्ध कराया जाएगा और ट्रेन के डिब्बे में सर्व सुविधायुक्त रेस्टोरेंट का निर्माण होगा। इस रेस्टोरेंट का संचालन टेंडर के माध्यम से प्राइवेट एजेंसियों को दिया जाएगा। रेलवे की इस पहल से यात्रियों एवं शहर के लोगों को पारंपरिक व्यंजनों के साथ ही सुखद अनुभव होगा।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल द्वारा गोंदिया, छिंदवाडा, इतवारी रेलवे स्टेशनों के बाद अब बालाघाट और राजनांदगांव स्टेशन परिसर में रेल कोच रेस्टोरेंट संचालन हेतु ठेका देने लिए निविदा जारी कर दिया गया है। स्टेशन में रेल कोच रेस्टोरेंट का लाभ न केवल रेल यात्रियों बल्कि स्थानीय लोगों को भी 24 घंटे मिलेगा। राजनांदगांव रेलवे स्टेशन में रेल कोच रेलवे रेस्टोरेंट के लिए ई-नीलामी ठेका की प्रक्रिया 9 अगस्त को की जाएगी।

#### रेल कोच को दिया जाएगा आकर्षक लुक

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह ने बताया कि राजनांदगांव स्टेशन पर रेल कोच रेस्टोरेंट के संचालन हेतु सफल बोली दाता को रेलवे की तरफ से रेल कोच रेस्टोरेंट के लिए अप्रयुक्त कोच दिया जाएगा। ठेकेदार को ही उक्त रेल कोच को आकर्षक स्वरूप देना होगा है। इसके लिए रेल परिसर का स्थान चिन्हित किया गया है।

#### रेल कोच रेस्टोरेंट होगा आकर्षण

नागपुर सहित अन्य बड़े शहरों की तर्ज पर राजनांदगांव रेलवे स्टेशन में रेल कोच रेस्टोरेंट का निर्माण होने से यहां आने वाले लोगों को सुविधा के साथ एक आकर्षक मिलेगा। वर्तमान में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशन को एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित भी किया जा रहा है। इस कार्य में एक कड़ी इस रेल कोच रेस्टोरेंट की भी जुड़ जाएगी।

